संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज  समूह संपादक : रवि भारद्वाज  देहरादून, सोमवार, 07 अगस्त 2023 ₹ 2  www.actionindialive.com  facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड में लैंडस्लाइड के बाद राहत बचाव अभियान चलाते हुए एसडीआरएफ की टीम।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 210 पृष्ठः 08  RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com  उत्तराखण्ड संस्करण  दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

= मोदी ने भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, परिवारवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो शुरू करने का आह्वान किया

**आधारशीला**

8 पीएम मोदी ने 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो की तर्ज पर भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, परिवारवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त सन बयालीस को ऐतिहासिक भारत छोड़ो अभियान की शुरूआत हुई थी। आज देश इससे प्रेरित होकर हर बुराई को भारत छोड़ो कह रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे विपक्ष दल हर विषय में नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी सरदार पटेल प्रतिमा पर आज तक विपक्ष का कोई बड़ा नेता नहीं गया। कर्तव्य पथ और नई संसद बनाई गई लेकिन वह भी आलोचना के केंद्र में रही। उन्होंने कहा कि आज तक देश के बलिदान शहीदों के लिए कोई मेमोरियल नहीं बनाया गया। हमने बनाया तो उसकी भी आलोचना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की ओर अमृत काल में बढ़ रहा है। इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाएंगे। इनमें से अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्निर्माण का कार्य आज शुरू हो रहा है। इन स्टेशनों के नवीनीकरण पर 25 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश ने अपनी विरासत पर गर्व करने का संकल्प लिया है। अमृत रेलवे स्टेशन इसका प्रतीक बनेंगे। इनमें देश की संस्कृति और स्थानीय विरासत की झलक मिलेगी।




## उप्र के 55 स्टेशनों का होगा नवीनीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी है। इसमें उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प होना है। मुख्यमंत्री ने बाद में ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत आज 4,355 करोड़ की लागत से नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी गई है। इस कल्याणकारी योजना के द्वारा इन रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं और विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे से लैस करने के साथ ही उन्हें स्थानीय कला-संस्कृति के अनुरूप सुसज्जित व सिटी सेंटर के रूप में भी विकसित किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प को सुनिश्चित करती इस लोक-कल्याणकारी योजना के लिए सभी प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।

## सभी राज्यों को मिलेगा लाभः पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के विकास का लाभ सभी राज्यों को मिलेगा। राजस्थान में भी 55 रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत रेलवे स्टेशन बनेंगे। मध्य प्रदेश में 1000 करोड रुपए की लागत से 34 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा।
महाराष्ट्र में 44 स्टेशन के विकास के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपए ज्यादा खर्च किए जाएंगे। पिछले सालों में रेलवे विकास और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9 सालों में इतने रेलवे ट्रैक बिछाया गया है जो साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, ब्रिटेन और स्वीडन के रेल नेटवर्क से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक ट्रेनों की भी संख्या तेजी से बढ़ रही है।

## स्टेशनों पर ये सुविधाएं दी जाएंगी...

स्टेशन के दोनों तरफ से प्लेटफार्म पर यात्रियों की एंट्री और एग्जिट की सुविधा।
स्टेशन की बिल्डिंग में सुधार किया जाएगा।
स्टेशन पर ऑटोमैटिक सीढियां बनाई जाएंगी।
बेहतर लाइट की व्यवस्था की जाएगी।
पार्किंग की सुविधा में सुधार किया जाएगा।
स्टेशन पर ग्रीन और रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल होगा।
रूफ प्लाजा की व्यवस्था की जाएगी, जिससे यात्रियों को ट्रेन के इंतजार करने में परेशानी न हो।
रेलवे स्टेशनों को मेट्रो और बस स्टैंड से जोड़ा जाएगा।
इमारतों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति से प्रेरित होगा
इन स्टेशनों की बिल्डिंग का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और आर्किटेक्चर के हिसाब से होगा।
योजना में उन छोटे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है, जहां यात्रियों की संख्या ज्यादा है, लेकिन डेवलपमेंट कम हुआ है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। त्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प होना है। मुख्यमंत्री ने बाद में ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

## बिहार में नहीं रहा कानून का राजः चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया/भागलपुर**
**लोजपा** रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शनिवार की देर रात भागलपुर पहुंचे। जहां कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने शनि मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं उन्होंने भागलपुर में भाजपा नेताओं और पत्रकार पर हुए लाठीचार्ज मामले में सरकार पर जमकर हमला बोला। चिराग पासवान ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री छात्र, किसान, आम लोग, नेता और अब पत्रकार पर लाठी चला रहे हैं। बिहार में आईपीसी की धारा की फिर जरूरत ही क्या है। राहुल गांधी को स्टे लगा है। ये मुख्यमंत्री के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## शाह ने को-ऑपरेटिव सोसाइटी का पोर्टल किया लॉन्च




**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**
केंद्रीय मंत्री अमित शाह दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। शाह ने 6 अगस्त को पुणे में सेंट्रल रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटी का पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ मंच साझा किया। शाह ने मंच पर भाषण देते हुए कहा- 'सबसे पहले अजित दादा उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आए है और मैं पहली बार इनके साथ मंच साझा कर रहा हूं। मैं दादा को एक बात कहना चाहता हूं, दादा आप बहुत समय के बाद सही जगह पर बैठे हो। यही जगह सही थी। पर बहुत देर कर दी आपने। अमित शाह के पास गृह मंत्री के अलावा सहकारिता मंत्री का पद भी है। अमित शाह ने डिजिटल पोर्टल लॉन्च करते हुए बोले की आज मैं घोषणा करना चाहता हूं कि आज सारा सहकारिता का क्षेत्र डिजिटल हो गया है। अब इस पोर्टल से सारे काम होंगे।

**डिजिटल**

8 गृह मंत्री दो दिन के महाराष्ट्र दौरे परः शाह ने अजित पवार के साथ मंच साझा किया, कहा- अब ठीक जगह बैठे हैं

**2 जुलाई को शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम की शपथ ली थीः** अजित पवार ने 8 विधायकों सहित 2 जुलाई को शिवसेना की शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शपथ के तुरंत बाद ट्विटर प्रोफाइल बदला और लिखा- डिप्टी सीएम ऑफ महाराष्ट्र। अजित पवार 8 विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ के साथ 2 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे राजभवन पहुंचे। 3 बजते-बजते उट शिंदे और डिप्टी उट देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सभी को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

## नूंह हिंसाः आप नेता पर एफआईआर दर्ज




**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
**हरियाणा** के नूंह में हिंसा के दौरान जिस सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, प्रशासन ने उसे गिरा दिया है। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में इस होटल पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। रविवार को लगातार तीसरे दिन नूंह में अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ये सब 31 जुलाई की हिंसा में शामिल दंगाईयों के हैं या इनका दंगा फैलाने में इस्तेमाल हुआ। वहीं नूंह हिंसा के दौरान गुरुग्राम के प्रदीप शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता जावेद अहमद समेत 150 लोगों पर हत्या की एफआईआर दर्ज की है। यह केस गुरुग्राम के सोहना में दर्ज कराया गया है।

**आप नेता जावेद ने कहा- इन्हें मार दो, बाकी मैं संभाल लूंगाः** जावेद पर दर्ज एफआईआर में पवन ने बताया- 31 जुलाई की रात 10.30 बजे हम कार में नूंह से सोहना जा रहे थे। बीच में नूंह पुलिस ने मदद करते हुए हमें हाईवे तक छोड़ा। हमें कहा कि आगे रास्ता साफ है, निकल जाओ। हम निरंकारी कॉलेज के पास पहुंचे तो वहां 150 लोग खड़े थे। उनके हाथ में पत्थर, लोहे की राड और पिस्टल थे। जावेद भी था। हमारी कार पर पत्थर मारे। जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। मैं कार से नीचे उतरा तो जावेद ने कहा कि इन्हें मार दो। जो होगा, मैं संभाल लूंगा। ये सुनकर 20-25 लोगों ने हम पर अटैक कर दिया।

**चला बुलडोजर**

8 बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या का आरोप, जहां से पत्थरबाजी हुई, वो होटल गिराया गया

## उत्तराखंडः गौरीकुंड में लैंडस्लाइड; 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/गौरीकुंड**
**उत्तराखंड के गौरीकुंड में लैंडस्लाइड** की वजह से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग लापता हो गए। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा रूट पर यह हादसा हुआ। रेस्क्यू टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों में से 17 नेपाल के नागरिक हैं। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में शनिवार रात को बारिश के चलते एक घर की दीवार गिर गई। दीवार के नीचे दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। उधर, नैनीताल में पुल के ऊपर से गुजर रही बस पलट गई।

## योगी ने डिजिटल कॉरिडोर का किया उद्घाटन

**अवलोकन**

8 विधान भवन में नवीनीकृत गैलरी और भाजपा विधान मंडल दल कार्यालय का भी किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधान भवन में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम यहां बनी डिजिटल वीथिका भ्रमण कर अवलोकन किया। इसके विधान भवन के प्रथम तल पर नवनिर्मित डिजिटल कॉरिडोर का उन्होंने उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने द्वितीय तल पर नवीनीकृत गैलरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधान मंडल दल कार्यालय कक्ष का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया।
साथ ही उत्तर प्रदेश विधान सभा में अध्यक्ष सतीश महाना का एक वर्ष नामक पुस्तक का लोकार्पण किया।
इसके अलावा उन्होंने विधानसभा के गाइडेट टुअर की वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, संजय निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## जोशीमठ में दिखने लगा भू धंसाव का असर

**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**
**लगातार हो** रही बारिश से पिछले कई दिनों से नगर के विभिन्न वार्डों में भूस्खलन और मकानों में दरारें बढ़ रही थीं लेकिन बीती रात्रि की बारिश से काफी नुकसान हुआ है। बारिश के कारण सीमान्त नगर जोशीमठ का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।
जोशीमठ नगर के शीर्ष पर औली में भूस्खलन के साथ ही सुनील, पुनागेर, सिंहधार, नरसिंह मंदिर गांव के निचली ओर के अलावा नगर के लगभग सभी वार्डों में भूस्खलन हुआ है, जिसके कारण कृषि भूमि व फसल को भी नुकसान हुआ है। सिंहधार वार्ड में त्रिदंडी आश्रम पूरी तरह खतरे की जद में आ गया है।

8 औली से लेकर मारवाड़ी तक कई स्थानों पर हुआ भूस्खलन,
8 जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया

## जम्मू-कश्मीर में 3 दिन में दो एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर

**आतंकी मारा**

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर के** कुलगाम और राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। कुलगाम में 4 अगस्त से, जबकि राजौरी में 5 अगस्त से एनकाउंटर जारी है। कुलगाम की घटना में तीन जवान शहीद हुए हैं, जबकि राजौरी में पिछले 24 घंटों से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा जा चुका है। 4 अगस्त को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर फायरिंग की थी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई, जो अब तक जारी है। इस घटना में शुक्रवार को 3 जवान घायल हो गए थे। तीनों को श्रीनगर के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान देर रात तीनों की मौत हो गई थी। माना जा रहा है कि हमला पीर पंजाल रेंज से घुसपैठ करके आए 3 आतंकियों ने किया था। हमले के बाद आतंकी कुछ हथियार लेकर भाग गए। इन आतंकियों को पकड़ने के लिए पिछले तीन दिनों से सर्च एंड डिस्ट्रॉय मिशन के लिए आर्मी की पैरा स्पेशल फोर्स को तैनात किया गया है। ऑपरेशन में ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।



8 कुलगाम में 4 अगस्त से, राजौरी में 5 अगस्त से एनकाउंटर जारी है। कुलगाम में तीन जवान शहीद हुए हैं

**यात्रा** इस साल अब तक 4.17 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ के दर्शन किए; यात्रा में 25 दिन बाकी

## बाबा बर्फानी के दर्शन को रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचेः 2022 के अमरनाथ दर्शन का रिकॉर्ड टूटा

**बाबा के दर पर**

8 यात्रा 62 दिनों तक चलेगी। जम्मू कश्मीर से अमरनाथ के लिए नया बैच 6 अगस्त को रवाना हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**अमरनाथ** यात्रा में 1 जुलाई से अब तक 4 लाख 17 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि पिछले साल पूरे सीजन में 3 लाख 65 हजार यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। इसी के साथ पिछले साल का रिकॉर्ड टूट चुका है। यात्रा को अब 37 दिन हो चुके हैं। यात्रा 1 जुलाई से 31 अगस्त यानी 62 दिनों तक चलेगी। जम्मू कश्मीर से अमरनाथ के लिए नया बैच 6 अगस्त को रवाना हुआ। इसमें 1626 यात्री शामिल हैं। अमरनाथ की ओर जाने वाले जम्मू- श्रीनगर नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। जिसके चलते यात्रा रोकना पड़ी। श्रद्धालुओं को रामबन के चंद्रकोट जिले में एक कैंप में रोका गया है।



## बारिश ने बढ़ाई परेशानी, भक्ति नहीं हुई कम

बर्फबारी के चलते यात्रा को 5 अगस्त को भी एक दिन के लिए रोक दिया गया था। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड दुनियाभर के लोगों के लिए सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण भी कर रहा है।

**इस साल का 34वां बैचः**
अधिकारियों ने बताया कि 1626 यात्रियों का 34वां बैच हैं। यह बैच 6 अगस्त को करीब 3.30 बजे 64 वाहनों के साथ भगवती नगर के बेस कैंप से निकला। इसमें 2092 यात्री अनंतगढ़ जिले के पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं। 534 यात्री गंदेरबाल जिले के बालटास बैस कैंप के लिए जा रहे हैं। सुबह करीब 6.15 किला मोर्ह पर भारी भूस्खलन के बाद यात्रियों को चंद्रकोट यात्री निवास पर रोक दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि जब तक सड़क से पत्थर नहीं हटाए जाते, तब तक यात्रा को आगे न बढ़ाए। रामबन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने लोगों और मशीनों को तैयार रखा गया हैं।

## हिंदी के गुलाम नहींः सीएम एमके स्टालिन

**विरोध**

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**हिंदी** भाषा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। शाह ने 4 अगस्त को एक बैठक में कहा था कि सभी राज्यों को हिंदी स्वीकार करनी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस पर आपत्ति जताते हुए एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, अमित शाह गैर-हिंदी राज्यों पर जबरदस्ती हिंदी थोप रहे हैं। तमिलनाडु इसे स्वीकार नहीं करेगा, हम हिंदी के गुलाम नहीं बनेंगे। कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे और स्टेट भी इसका विरोध कर रहे हैं।



**भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश मजबूत होगाः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमित शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की 38वीं बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें उन्होंने कहा कि सभी को बिना किसी विरोध के हिंदी भाषा स्वीकार करनी चाहिए। शाह ने ये भी कहा, हिंदी बाकी भाषाओं के कंपटीशन में नहीं है, सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश मजबूत होगा।

8 अमित शाह ने कहा था- हिंदी को बिना किसी विरोध के स्वीकार करना चाहिए, सीएम ने किया शाह के बयान का विरोध

**तमिलनाडु भाजपा प्रमुख का कहना- स्टालिन न तो हिंदी जानते हैं और न ही अंग्रेजीः** तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने मीडिया से कहा कि एमके स्टालिन को न तो हिंदी ठीक से आती है और न ही अंग्रेजी, इसलिए वे ठीक से समझ नहीं पाए कि अमित शाह क्या कहना चाहते हैं? अन्नामलाई बोले कि शाह ने ये साफ कह दिया सभी राज्यों में मातृभाषा में पढ़ाई होनी चाहिए।

# उत्तराखंड में पहाड़ तक रेल पहुंचने का सपना हो रहा है सच: मुख्यमंत्री

**सुखद अनुभव**

8 राज्य के तीन स्टेशनों के पुनर्विकास की आज नींव रखी गई। यह राज्य के लिए सुखद अनुभव है



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पहाड़ तक रेल पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। राज्य के तीन स्टेशनों के पुनर्विकास की आज नींव रखी गई। यह राज्य के लिए सुखद अनुभव है।
रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर हरार्वाला रेलवे स्टेशन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के तीन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में बहुत तेज गति से कार्य हुए हैं।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का कार्य तेजी से हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और नए बदलते भारत विकास का प्रतिबिंब है। आज जिस प्रकार से ना केवल रेलवे बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया जा रहा है, वो अभूतपूर्व है। आज रेल आधुनिक हो रही हैं, सुविधाओं को विश्वस्तरीय किया जा रहा है, रेलवे स्टेशन मॉडर्न विजन के साथ विकसित किए जा रहे हैं। स्टेशनों के पुनर्विकास की स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाएगा जो अपने आप में एक सुखद अनुभव होगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि,हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं और आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खत्म करके भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है वहीं दूसरी ओर आज भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है।
आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं। वर्तमान में देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम भी तेजी से चल रहा है।

## मातृ शक्ति भारत के समग्र विकास में अपनी भूमिका निभाएं : बृज प्रकाश



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत में बदलाव की बयार बह रही है। हमें वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप देश के समग्र विकास हेतु सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें भारत विकास परिषद मातृ शक्ति अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।
भारत विकास परिषद उत्तराखंड प्रांत (पश्चिम) की 27वीं महिला शाखा जाहन्वी शाखा के श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष बृज प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किये।
कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद की देश भर में 1502 से अधिक शाखाएं हैं। हमें गर्व है कि आज तीसरी महिला शाखा देव भूमि उत्तराखंड में में स्थापित हो गई है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्ध एवं सम्पन्न लोगों के साथ-साथ मातृ शक्ति को जोड़ना परिषद का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यदि संस्कार नहीं है तो आपको समर्थ्यवान नहीं कहा जा सकता। सामाजिक कार्यों में भाग ले रहा व्यक्ति ही सम्पन्नता का द्योतक है।
अधिष्ठापन अधिकारी और प्रांतीय महासचिव डॉ. मनीषा सिंहल ने कहा कि देश की आधी आबादी को आज संस्कार तथा सेवा पर फोकस करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता है। डॉ. मनीषा ने कहा कि भारत विकास परिषद पांच सूत्रीय संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण भाव को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने परिषद के भावी कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की।समाजसेवी गोबर्धन दास अग्रवाल ने कहा कि मातृ शक्ति को एक माला में पिरोने का काम जहान्वी शाखा ने किया है वह अपने आप में एक मिसाल है और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सफलता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेंगी।

**न्यूज फ्लैश**

### पति ने पत्नी को छत से दिया धक्का , कोतवाली के पास भी पीटा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर बेवजह मारपीट करने व छत से धक्का देने का आरोप लगाया है। दोनों के विवाह को 15 वर्ष हो चुके हैं। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपित पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
पुलिस के अनुसार मल्लीताल निवासी हुमेरा सिद्दीकी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसका निकाह 15 वर्ष पूर्व जयलाल साह बाजार मल्लीताल निवासी मोनिस जलाल से हुआ था। आरोप लगाया कि मोनिस अक्सर उसके साथ मारपीट करता रहता है। इधर शनिवार दोपहर वह छत पर कपड़ों को सुखाने डाल रही थी। तभी पति ने बिना बात उसके साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर जान से मारने के इरादे से छत से नीचे धक्का दे दिया। हुमेरा का कहना है कि उसने किसी तरह ग्रिल को पकड़कर जान बचाई। पुलिस ने महिला के पति को कोतवाली बुलाया।
कोतवाली पहुंचे पति ने कोतवाली के बाहर भी वहां खड़ी मिली अपनी पत्नी की पिटाई करनी शुरू कर दी। शोरगुल सुन कोतवाली से पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ लिया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि महिला की तहरीर पर मोनिस जलाल के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर लिया है।

### स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की आवाज हुई बुलन्द : जितेन्द्र रघुवंशी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आज देश के विभिन्न जिलों के साथ ही हरिद्वार जनपद में अमर शहीद जगदीश वत्स पार्क ज्वालापुर में अमर शहीद जगदीश वत्स के चित्र पर संगठन के उपाध्यक्ष मुरली मनोहर और समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा व उपस्थित परिवारों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गईं।
इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि हर महीने प्रथम रविवार 10 बजे 10 मिनट पूर्वजों के नाम अभियान के अंतर्गत यह कार्यक्रम आज पूरे देश में एक साथ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आज हम अपने पूर्वजों के सम्मान तथा अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए इन कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर के सेनानी परिवारों को संगठित करने का प्रयास कर रहे हैं।
डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय ने अपने पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नत्थाराम भारद्वाज के जीवन परिचय से लोगों को अवगत कराते हुए उनकी जेल यात्रा से लेकर स्वतंत्रता आन्दोलन में किए गए पुरुषार्थ का वर्णन किया। जितेंद्र रघुवंशी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत देशभर से उठी स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की बुलन्द आवाज को सरकारें अनसुनी नहीं कर सकीं। 6 माह पूर्व से स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के द्वारा देशभर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों के पद रज संग्रहित करने का अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है, देशभर में हर प्रांत में पदरज कलश तैयार किए गए हैं। हमारी इस भावना की ओर केन्द्र सरकार का भी ध्यान गया और अब अमृत महोत्सव वर्ष में ही मेरी माटी मेरा देश के नाम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों के पद रज संग्रह करने का अभियान केन्द्र सरकार ने भी आरंभ कर दिया है, इसके साथ ही अमृत महोत्सव वर्ष को भी 30 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है।
बीते दिसंबर 2022 को जंतर-मंतर पर दिए गए अधिकार पत्र का संज्ञान लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके परिवारों को सम्मानित करने के लिए केन्द्र सरकार ने शासनादेश भी जारी किया गया है, जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि हर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद के परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाए तथा उसका फोटो भारत सरकार को भेजा जाए।
भारत सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के द्वारा देश भर के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के इतिहास को संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कार्य आरंभ कर दिया है। कई हजार सेनानियों के विवरण वेबसाइट पर प्रकाशित भी हो चुके हैं। यह सब हम सभी की एकजुटता का प्रभाव है।

## तलाकशुदा महिला ने लगाया व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के लक्सर कोतवाली क्षेत्र में एक तलाकशुदा महिला के एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाने का मामला सामने आया है।
एक व्यक्ति खुद को अविवाहित बताकर तलाकशुदा महिला से लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोप है कि महिला के गर्भवती होने पर धोखे से उसे दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
गौरतलब है कि कोतवाली लक्सर क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका पति से तलाक हो रखा है। वह बच्चों के साथ अपने मायके में रह रही है। इस दौरान गांव के एक व्यक्ति ने खुद को अविवाहित बताते हुए उसे अपने प्रेम जाल में फंसाकर जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसी बीच उसके गर्भवती होने पर व्यक्ति ने धोखे से गर्भपात कराने वाली गोलियां खिलाकर गर्भपात करा दिया। कुछ समय बाद पता चला कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा है। जब उसने व्यक्ति से इस संबंध में बात की तो वह उसे धमकी देने के साथ ही पुलिस से शिकायत करने पर परिणाम भुगतने व उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी देने लगा।

## राइजिंग फाउंडेशन ने गणेश गार्डन लगाए फलदार पौधे



**रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)**
आओ पेड़ लगाओ अभियान के अंतर्गत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने रविवार को गणेश गार्डन में 50 फलदार और छायादार पौधे लगाए। कालोनी वासियों ने इन पौधों के सरक्षण की जिम्मेदारी ली।राइजिंग फाउंडेशन का पिछले एक माह से पेड़ लगाओ अभियान चल रहा है। शहर की कई कालोनियों में संस्था 500 से अधिक पौधे लगा चुकी है। आज भी फाउंडेशन द्वारा गणेश गार्डन में अमरूद,नींबू,कचनार, हर सिंगार, अमलताश आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे । कालोनी वासियों ने भी अभियान में बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। फाउंडेशन अध्यक्ष विजय आहूजा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से पौधे लगाने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने की अपील की।
उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। हर संभव यह प्रयास किया जाए कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण व जल संचय किया जाए, जिससे बेहतर कल का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। यदि धरती से पेड़ पौधे लुप्त हुए तो मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा। इस अवसर पर ओंकार सिंह,संजय ठुकराल, प्रभाकांत दुबे, योगेश यादव , रामकुमार, मनीष ,यशवंत मेवाड़ी, उपकार गोड ,महेश आर्य,विपिन अरोरा,सुनील शर्मा,अनूप दास, महेश कुशवाहा, सुमन मिश्रा, पिंकी तिवारी, मैरी थापा, दीपा राय,सोनम आदि मौजूद थे।

## मलबे में दबने से दो बच्चों की मौत



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम मरोड़ा में बादल फटने से टूटे एक मकान मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों की मृत्यु हुई है। कुमाल्डा पुलिस चौकी ने शवों को बरामद किया।
तहसील धनोल्टी के ग्राम मरोड़ा में रात्रि में हुई बारिश से प्रवीण दास के मकान के पीछे की दीवार टूट गई, जिसमें उनके दो बच्चे दब गए।
राजस्व उप निरीक्षक ल्वारखा और पुलिस चौकी सत्यों की टीम ने बच्चों को मलबे से निकाला। दोनों बच्चों को पीएचसी सत्यों पहुंचाया गया।
डाक्टर ने उन्हें अस्पताल में मृत घोषित किया है। इस घटना में मृतक बच्चों में स्नेहा (12) पुत्री प्रवीण दास और रणवीर (10) पुत्र प्रवीण दास शामिल हैं।
बच्चों को मलबे से निकालने में एसडीआरएफ सहित पुलिस-प्रशासन का सहयोग रहा।

## प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुसकर की दुराचार की कोशिश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार बीती रात एक युवक ने अपनी ही प्रेमिका के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। आहट होने पर गांव वालों के शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गया था। घटना की बाबत युवती की मां ने पुलिस को तहरीर दी है।
मामला कोतवाली रुड़की सिविल लाइंस अन्तर्गत ग्राम बेलडा का है। घटना की बाबत थानेदार कर्म सिंह चौहान ने बताया कि बेलडा निवासी युवती से गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम सम्बन्ध चले आ रहे थे।

## उत्तराखंड के तीन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नरेन्द्र मोदी अमृत भारत कार्यक्रम स्कीम के तहत 06 अगस्त (रविवार) देश भर के 508 रेलवे स्टेशन के साथ उत्तराखंड के हरार्वाला, रुड़की और लालकुआं के पुनर्विकास की कुल लागत 83.06 करोड़ रुपये से वर्चुवल शिलान्यास किया। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के अलावा अन्य गण्यमान्य लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।
रेलवे की ओर से देहरादून जिले के हरार्वाला रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल,सांसद नरेश बंसल, मेयर सुनील उनियाल गामा, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला समेत अन्य मौजूद रहे।
रुड़की में पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नैनीताल जिले के लालकुआं रेलवे स्टेशन पर भी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।
हरार्वाला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास लागत 30.07 करोड़ और रुड़की रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास लागत 29.01 करोड़ व लालकुआं रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास की लागत 23.08 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा।

## बदरीनाथ हाइवे पांच स्थानों पर अवरुद्ध, लिंक मोटर मार्ग बाधित



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में रात को तेज वर्षा के बीच हुए भूस्लखन से बदरीनाथ हाइवे पांच स्थानों पर बाधित हो गया है। जनपद के 40 से अधिक लिंक मोटर मार्ग पहले से अवरुद्ध हैं।
आपदा परिचालन केंद्र चमोली के अनुसार बदरीनाथ हाइवे पीपलकोटी, पागलनाला, टंगणी, हेलंग और मरवाडी पुल के पास बाधित है।
एनएच हाइवे को सुचारू करने में जुटा हुआ है।
प्रधान संगठन के जोशीमठ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप नेगी ने बताया कि उर्गम-हेलंग मोटर मार्ग कई स्थानों पर बाधित है। उनका आरोप है कि यूजेबीएनएल परियोजना की नहर में पानी के रिसाव के कारण मोटर मार्ग का यह हाल हुआ है। सड़क मार्ग पर नालियों का निर्माण न होने से जिले के 40 से अधिक लिंक मोटर मार्ग बाधित है। आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार बाधित लिंक मोटर मार्गों को खोलने का कार्य संबंधित विभाग कर रहे हैं।

## भाजपा नेत्री के घर की छत पर गिरी कार, 2 यात्री थे सवार



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के टांकी बैंड क्षेत्र में बीती मध्य रात्रि एक कार भाजपा नेत्री और नगर पालिका की मनोनीत सभासद के घर की छत पर गिर गई। इससे घर की छत और एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घर के जिस कमरे की छत पर कार गिरी, उसमें कोई सो नहीं रहा था। अन्यथा जनहानि की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।
शनिवार मध्य रात्रि दो लोग कार संख्या यूके04एल-7735 में सवार होकर पंगोट-किलबरी रोड पर हिमालय दर्शन की ओर जा रहे थे। टांकी बैंड के पास वन विभाग के गेट पर शराब के नशे में लगने पर वन विभाग के कर्मियों ने उन्हें आगे जाने से रोका तो वह लौट रहे थे। इस दौरान

**गनीमत**

8 गनीमत रही कि घर के जिस कमरे की छत पर कार गिरी, उसमें कोई सो नहीं रहा था

कार 12 बजकर 5 मिनट पर नैना पीक से नीचे की ओर आने वाले खड़ंजा मार्ग पर स्थित भाजपा नेत्री और नगर पालिका की मनोनीत सभासद तारा राणा के घर की छत पर गिर गई।
भाजपा नेता भूपेंद्र बिष्ट ने बताया कि दुर्घटना के बाद उन्होंने मल्लीताल कोतवाली का फोन न उठने पर 100 व 102 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। इस पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे एक घायल को बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जबकि एक कार सवार दुर्घटना होते ही डर कर नंगे पैर भाग गया।
बताया गया है कि इस घर में श्रीमती तारा राणा का पुत्र सोता है जो इन दिनों बाबा केदारनाथ के दर्शनों को गया हुआ है। उनकी बेटी और दामाद भी दो दिन पूर्व ही लौटे हैं। यदि कमरे में कोई भी होता तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। उनका कहना है कि सड़क किनारे रेलिंग नहीं लगी है। वह कई बार रेलिंग लगाने के लिए विभागीय अधिकारियों को कह चुकी हैं। रेलिंग लगी होती तो ऐसी दुर्घटना न होती।

## राष्ट्रीय सक्रिय कार्यकर्ता शिविर का समापन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता शिविर का आज समापन हो गया। इस दौरान शांतिकुंज के विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को झारखण्ड, बिहार, पं.बंगाल, सिक्किम सहित अन्य पूर्वी राज्यों में नारी जागरण, बाल संस्कार शाला, परिवार व समाज निर्माण जैसे अनेक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। समापन अवसर पर शिविर में सम्मिलित 1200 से अधिक चयनित सक्रिय कार्यकताओं ने प्रज्ज्वलित लाल मशाल के साक्षी बन हाथ उठाकर संकल्प लिया।
समापन से पूर्व प्रतिभागियों को दिये अपने संदेश में शांतिकुंज अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि यह सुनहरा अवसर है, जब हम संगठित होकर परिवार, समाज व राष्ट्र को ऊंचा उठाने के लिए कार्य करें। समाज के प्रत्येक वर्ग में सुधारात्मक परिवर्तन के लिए जन-जन को प्रेरित करें। गुरु के दिव्य संदेश को घर-घर पहुंचाये। उन्होंने कहा कि हमारे परिजनों को सादा जीवन उच्च विचार वाले होने चाहिए। अपने संदेश में गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि सद्गुरु के निदेर्शों को पालन से शिष्य का उत्तरोत्तर प्रगति होता है।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से नुकसान का लिया जायजा

## -एसडीआरएफने नदी में बही युवती को किया रेस्क्यू, बच्चे की खोजबीन जारी

**देहरादून**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जहां सुमन नगर क्षेत्र में मकानों में घुसे पानी का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए वहीं एसडीआरएफ ने नदी में बही युवती को बेहोशी हालत में रेस्क्यू किया और औ? शक्ति नहर में बच्चे गिरने पर सर्च ऑपरेशन चला रही है।आपदा कंट्रोल रूम से सहस्त्रधारा पिकनिक स्पॉट में एक युवती नदी में बहने की सूचना पर हमराह घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम नदी में बह कर एक किमी नीचे पहुंची युवती



को बेहोशी की हालत में रोप रेस्क्यू कर नदी से बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस के माध्यम से स्वाति जैन,आयु (20) वर्ष पुत्री पुनीत जैन, निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश अस्पताल भिजवाया गया।उधर, चौकी प्रभारी डाकपत्थर के माध्यम से शक्ति नहर पुल नंबर पर एक बच्चे की गिरने सूचना पर एसडीआरएफ टीम उसकी खोजबीन कर रही है।
मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के सुमन नगर, राजपुर में भारी बारिश के कारण बरसाती नाले से खतरे की जद में आए राजपुर निवासी राम नवाज, देवेश्वरी देवी, मोना, प्रीतम लाल, राजकुमार आदि के मकानों का निरीक्षण किया।
मंत्री ने मौका मुआयना कर मौके पर उपस्थित अपर जिलाधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील कि वह बरसात में सावधानी जरूर बरतें। उन्होंने स्थानीय लोगों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला आपदा प्रबंधन केंद्र को सूचित करने का भी आग्रह किया। इस दौरान मंत्री ने स्थानीय लोगों को सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा, मोहित अग्रवाल, मनोज उनियाल, गोविन्द ठाकुर, विशाल कुल्हान सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने किया रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास

**नए युग की शुरूआत**

**8 प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना से रेलवे में नए युग की शुरूआत हो रही है।**

**हरिद्वार**
रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देहरादून के हरावाला एवं हरिद्वार के रुड़की रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना से रेलवे में नए युग की शुरूआत हो रही है। रुड़की में आयोजित इस कार्यक्रम के मौके पर हरिद्वार लोकसभा सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है।
प्रधानमंत्री मोदी ने रुड़की रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कर हरिद्वार की जनता को को एक बेहतर सौगात दी है।
निशंक ने कहा कि अब रुड़की रेलवे स्टेशन भव्य होगा। रुड़की व आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को काफी सुविधाएं मिलेगी, जिससे क्षेत्र का विकास भी होगा। इस मौके पर राज्य सभा सदस्य कल्पना सैनी, विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन, राजपाल सिंह, शोभाराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।
गौरतलब है कि रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

## भू-कानून और मूल निवास के लिए सभी उत्तराखंडी हों एकजुट

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में उत्तराखंड युवा एकता मंच के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों छात्र संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने हल्द्वानी बुद्ध पार्क में धरना देकर सरकार को आगाह किया कि अगर शीघ्र उत्तराखंड में भू-कानून और मूल निवास 1950 लागू नहीं किया गया तो उत्तराखंड का युवा मातृशक्ति सड़कों पर उतरेगी।
सभा को सम्बोधित करते हुए शैलेन्द्र सिंह दानू ने कहा कि इस उत्तराखंड की जमीनें आज जिस प्रकार से बिक रही हैं। उससे आने वाले समय में उत्तराखंड में बाहरी लोगों का एकाधिकार स्थापित हो जाएगा।

# गौरा एप महिलाओं की सुरक्षा के लिए वरदान : शोभा त्यागी

**महिला सुरक्षा**

**8 -भाजपा महिला मोर्चा, महिला हेल्प सिडकुल पुलिस की बैठक में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा**

**हरिद्वार**
महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भाजपा महिला मोर्चा, जिला मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी रंजीता झा की ओर से महिला हेल्प डेस्क, थाना सिडकुल के सहयोग से शिवा एन्क्लेव, सिडकुल में रविवार को बैठक हुई।
इस बैठक में महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी के साथ बचाव



के उपाय भी बताए गए। साथ ही गौरा एप डाउनलोड करने के व उपयोग का तरीका भी सिखाया गया। इसमें ओम एन्क्लेव, नेहरू कालोनी सहित अन्य कालोनियों की महिलाएं शामिल रहीं।
भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रंजीता झा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार की ओर से व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में महिला मोर्चा अध्यक्ष अनामिका शर्मा के निर्देशन में सिडकुल स्थित शिवा एन्क्लेव कालोनी में आयोजित बैठक में महिला हेल्प डेस्क, सिडकुल एसआई शोभा त्यागी और कांस्टेबल रीना ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की। एसआई शोभा त्यागी ने कहा कि गौरा एप महिलाओं की सुरक्षा के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रत्येक महिला को अपने मोबाइल में गौरा एप डाउनलोड कर चलाना सीखना चाहिए। ताकि जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी महिलाओं एवं लड़कियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस के गौरा एप के बारे में जानकारी देते हुए अपने मोबाइल में डाउनलोड करने और सहायता लेने का तरीका बताया। शोभा त्यागी ने बताया कि लड़कियों को अपनी देखभाल करनी चाहिए। आजकल जिस तरह लड़कियों के साथ घटनाएं घट रही हैं। खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ किस तरह कुछ असामाजिक तत्व गुमराह करके उन्हें गलत रास्ते पर ले जाते हैं। इस पर सचेत और सावधान रहने की जरूरत है। महिलाओं को भी अपने बच्चों के ऊपर किन-किन बातों पर नजर रखने की जरूरत है, यह भी समझाया।
इस मौके पर ज्योति झा, श्वेता मिश्रा, अस्मिता झा, आराधना झा, नित्या, सीमा, माया, लक्ष्मी, जॉनी, सरिता, निर्मला, नेहा, पल्लवी, अनीता, सोनम झा, सपना पंडित, अनीता गुप्ता, प्रेमवती, साधना, रंजना, लक्ष्मी, रितु झा, मंजू झा, श्रुति झा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### सनातन को नुकसान पहुंचा रहे कुमार स्वामी, धर्म से नहीं है कोई वास्ता : अग्रवाल

**हरिद्वार**
अखिल भारतीय श्री धर्म रक्षा सेना के राष्ट्रीय संयोजक जानकी शरण अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म इस समय बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है की कुछ देश विरोधी ताकतें गेरुआ वस्त्र धारण कर देश और सनातन धर्म संस्कृति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं।
जानकी शरण अग्रवाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के महामण्डलेश्वर स्वामी कुमारानंद उर्फ कुमार स्वामी जैसे लोगों का किसी भी धर्म से कोई वास्ता नहीं होता है। ये करोड़ों रुपये खर्च कर अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु बड़े-बड़े विज्ञापन छपवाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं ।
राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की फोटो विज्ञापन में लगाकर ये आम लोगों को गुमराह कर रहे हैं। सरकार को इसे अपने संज्ञान में लेना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि सभी धर्मों मजहब की अपनी-अपनी आराधना इबादत की विधि है, लेकिन कुमार स्वामी जैसे लोग गुमराह कर गायत्री मंत्र, अजान अपने मंच से एक साथ करवा रहे हैं। वर्ष 2017 में इन्होंने दुबई में निकाह कुबूल किया। भारत सरकार कुमार स्वामी और उनके तथाकथित चेलों के एजेंडे की जांच करे कहीं लव जिहाद तो नहीं चल रहा है।
उन्होंने कहा कि वे बहुत समय से कुमार स्वामी की गतिविधियों की जांच की मांग सरकार से करते रहे हैं कि देश के अन्दर कोई षड्यंत्र तो नहीं चल रहा है। सरकार जबलपुर आज कुमार स्वामी द्वारा आयोजित संचालित गतिविधियों की जांच करे। उन्होंने कहा कि कुमार स्वामी के खिलाफ शीघ्र ही कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

### उत्तराखंड : थैंग गांव में बादल फटने से हुई तबाही, दस मकान खतरे की जद में

**जोशीमठ**
बीती रात्रि को जोशीमठ ब्लॉक ग्राम सभा थैंग के नौला तोक में बादल फटने के कारण इस तोक के साथ ही ग्वाड़ तोक में भी भारी नुकसान हुआ है। पूरी रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण सड़क मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है और पेयजल लाइन भी मलबे की भेंट चढ़ गई है।



बादल फटने के बाद आये मलबे से पूजा देवी का शौचालय और पुष्कर सिंह नेगी की गौशाला पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होकर मलबे के साथ ही बह गई है। इनके अलावा मुकेश नेगी, कलम सिंह नेगी, मोहन नेगी, धर्म सिंह, राजेंद्र सिंह पवार, देवेंद्र सिंह पवार, प्रकाश नेगी, धन सिंह, शिव सिंह आदि ग्रामीणों की सैकड़ों नाली कृषि भूमि पूर्ण रूप से बह गई है और दस परिवारों के आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए हैं।
ग्राम प्रधान महाबीर सिंह पंवार ने स्थानीय प्रशासन को थेंग मे हुए व्य पक नुकसान की जानकारी देते यथाशीघ्र निरीक्षण कर क्षति का आंकलन करने व मोटर मार्ग को खुलवाने का आग्रह किया है।

### शिविर में 146 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
जगदंबा नगर में लगे स्वास्थ्य शिविर में 146 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर चिकित्सकों ने अभिभावकों को बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए जरूरी टिप्स भी दिए। कल्याण मेडिकोज की ओर से जगदंबा नगर के पदमा विहार स्थित स्कूल में बच्चों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.आरपीएस नेगी ने 146 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा।
शिविर में सुबह से ही तमाम अभिभावक बच्चों को लेकर पहुंचने लगे थे। इस दौरान अधिकांश अभिभावकों ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन क्लास के कारण बच्चे अत्यधिक मोबाइल देखने लगे हैं। साथ ही चिप्स, चॉकलेट इत्यादि का भी अत्यधिक सेवन करते हैं।

# भाजपा विभाजन विभीषिका दिवस को व्यापक स्तर पर मनाएगी, 3 सदस्यीय समिति गठित

**देहरादून**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बंटवारे का दंश झेलने वाले देशवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए विभाजन विभीषिका दिवस को व्यापक स्वरूप में मनाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 14 अगस्त को होने वाले इन कार्यक्रमों को प्रदेश में क्रियान्वयन के लिए 3 सदस्यीय प्रदेश समिति का गठन किया गया है।
प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निदेर्शों पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति में सह संयोजक के रूप में गोविंद पिलख्वाल और नलिन भट्ट के अतिरिक्त जिले स्तर पर भी इसी तरह की 3 सदस्यीय समिति इस कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिए शीघ्र ही गठित की जायेंगी।
मनवीर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए उन सभी लोगों को याद किया है, जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। उन्होंने हमारे इतिहास के उस दुःखद दौर के पीड़ित सभी लोगों की सहनशीलता और धैर्य की भी सराहना की है।
उन्होंने कहा कि पार्टी का मत है कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यही वजह है कि पार्टी ने बंटवारे में विस्थापित होने वाले एवं अपनी जान गंवाने वाले हमारे लाखों भाइयों और बहनों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को "विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुशार इस दौरान महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
कार्यक्रम के तहत भारत पाकिस्तान के बंटवारे के समय हमारे देशवासियों के संघर्ष और पीड़ा से जुड़े तथ्यों को स्मरण करते हुए प्रत्येक जिले में दो कार्यक्रम तय किये गये हैं, जिसमें एक मौन जुलूस और दूसरा ऑडिटोरियम फिल्म का प्रदर्शन है। मौन जुलूस उस समय की घटनाओं से संबंधित तख्तियां, बैनरों के साथ राष्ट्रध्वज तिरंगा की छत्रछाया में निकाला जाएगा। ये जुलूस विशेषकर जिन लोगों ने विभाजन के समय यातनाएं झेली और अपने प्राणों की आहुति दी उनकी याद में निकाली जाएंगे। साथ ही विभाजन के समय की जानकारी रखने वाले वक्ताओं के साथ अनुभव साझा करते हुए प्रभावित परिवारों एवं व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के बारे में व्यापारियों को दी जानकारी

**हल्द्वानी**
राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
विभाग की ओर से बुलाई गई बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर हेमा बिष्ट ने बताया कि सरकार ने व्यापारियों को लाभान्वित करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू की है।
इसके तहत किसी भी तरह के बकाया को 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ जमा कर किया जा सकता है। साथ ही जिन व्यापारियों ने बकाया के संबंध में अपील की है वे भी इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।

# चोरी के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुकदमा दर्ज**

**8 पकड़े गए आरोपित युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है**

**हरिद्वार**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के एक घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपित युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।
श्याम नगर कॉलोनी कोतवाली ज्वालापुर निवासी सुनील जय सिंह पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश जय



सिंह ने बीते शुक्रवार पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके मकान में घुसकर अज्ञात द्वारा मोबाइल फोन व अन्य सामान के साथ ही 5 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना रेल चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक को दी गई।
मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चौक करते हुए मुखबिर की मदद से आरोपी मेहर इलाही पुत्र खलील अहमद निवासी धीरवाली चाकलान ज्वालापुर को चोरी के सामान के साथ धर दबोच लिया गया।
आरोपित को आज कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# जाली दस्तावेज तैयार कर देते थे फर्जी कनेक्शन, तीन गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**8 पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।**

**हरिद्वार**
फर्जी दस्तावेज तैयार कर मोबाइल के कनेक्शन देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक भारतीय एअरटेल लिमिटेड के नोडल ऑफिसर टीसीजी 7/7 विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ कुशलेन्द्र त्रिपाठी ने 4 अगस्त को



थाना भगवानपुर में तहरीर देकर सोमेन्द्र टेलिकॉम भगवानपुर पर धोखाधड़ी कर जाली दस्तावेज तैयार कर 186 (प्रीपेड, पोस्टपेड) मोबाईल नम्बरों के फर्जी कनेक्शन देने क का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।
मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित गोविन्द कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित गोविन्द कुमार ने बताया की आदिल व प्रवेज आलम भी यही काम करते हैं। तीनों पैसो के लालच में टारगेट पूरा करने के लिये फर्जी कागजात लगाकर सिम एक्टीवेट करते थे।
पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते गोविन्द पुत्र मांगेराम निवासी हबीबपुर निवादा थाना कलियर जिला हरिद्वार, आदिल पुत्र शमशेर निवासी ग्राम रहमत नगर कस्बा भगवानपुर जनपद हरिद्वार व प्रवेज आलम पुत्र हाजी सलीम निवासी मक्खनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताए।

# उत्तराखंड में बरसात का कहर जारी, 10 अगस्त तक आरेंज और येलो अलर्ट जारी

**देहरादून**
उत्तराखंड में वषार्काल में पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और पहाड़ चटकने की घटनाएं लोगों पर पर मुसीबत बन कर टूट रही हैं। टिहरी जिले के धनौल्टी में एक आवासीय मकान गिरने से दो बच्चों की दबकर मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऋषिकेश बद्रीनाथ और ऋषिकेश यमुनोत्री सहित चार राष्ट्रीय राजमार्गों को लेकर कुल 212 सड़कें बाधित हैं।
गौरीकुंड में लापता 20 लोगों के खोजबीन के लिए रेस्क्यू कार्य जारी है। प्रदेश भर में 10 अगस्त तक के लिए गरज चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है।
टिहरी जिले के तहसील धनौल्टी में ग्राम

**वर्षाकाल**

**8 -ऋषिकेश-बद्रीनाथ और ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय मार्गों सहित कुल 212 सड़कें अवरुद्ध**

मरोड़ा में रात्रि में हुई बारिश से प्रवीण दास के मकान के पीछे की दीवार टूट गई, जिसमें उनके दो बच्चे दब गए। मकान मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों की मृत्यु हुई है एक घायल हो गए। कुमाल्डा पुलिस चौकी ने शवों को बरामद किया।
राजस्व उप निरीक्षक ल्वारखा और पुलिस चौकी सत्यों की टीम ने बच्चों को मलबे से निकाला। दोनों बच्चों को




पीएचसी सत्यों पहुंचाया गया। डाक्टर ने उन्हें अस्पताल में मृत घोषित किया है। इस घटना में मृतक बच्चों में स्नेहा (12) पुत्री प्रवीण दास और रणवीर (10) पुत्र प्रवीण दास शामिल हैं। बच्चों को मलबे से निकालने में एसडीआरएफ सहित पुलिस-प्रशासन का सहयोग रहा।
रविवार सुबह देहरादून सहित अन्य स्थानों पर सूर्यदेव कुछ क्षण के निकले, लेकिन फिर बादलों के ओट में फिर छिप गये। राज्य के अधिकतर स्थानों पर दोपहर तक मध्यम से तेज गति की बारिश का क्रम रुक-रुक कर जारी है। जनपद देहरादून थानों तथा सोडा-सरौली के बीच भोपालपानी में देर रात्रि अतिवृष्टि से दो मकानों में जलमग्न की सूचना मिली। इस पर एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच कर राहत बचाव शुरू किया और जेसीबी की सहायता से रेस्क्यू कर सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।
मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य भर में आज के लिए कहीं-कहीं गरज चमक के साथ भारी से भारी से बहुत भारी बारिश के दौर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश भर में आज के लिए येलो अलर्ट और आठ अगस्त के लिए पिथौरागढ़,चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर में आरेंज और 09 अगस्त के लिए चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी गढ़वाल बागेश्वर में ऑरेंज और शेष जिलों के लिए यलो जबकि 10 अगस्त के लिए सभी जिलों जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर की संभावना है। बारिश से संवेदनशील इलाकों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण सड़कों और राजमार्गों में कटाव से अवरोध होने और निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बन सकती है।
प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों में सड़कों के अवरुद्ध होने का सिलसिला जारी है। उत्तरकाशी जिले में ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी हरेती के पास मलबा आने के कारण बंद है। ऋषिकेश चंबा धरासू मार्ग एनएच 94 किमी. 87 में मलबा आने से बाधित है। त्यूरी चकराता 707 ए और चमोली जिले में ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पीपलकोटी, टंगड़ी, हेलंग, मारवाड़ी पुल के पास मलबा आने से बाधित है। भूस्खलन से मार्गों का बंद होने और खुलने का सिलसिला जारी है। प्रदेश में पिथौरागढ़ जिले में 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 212 सड़कें बाधित हैं।

## संपादकीय

# सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ जरूरी

**इस** साल जुलाई के दूसरे सप्ताह में ब्यास घाटी में आई भयानक बाढ़ ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक हानि के साथ 100 से ज्यादा निरपराध लोग काल का ग्रास बन गए। आवागमन के साधनों के चौपट हो जाने और आसन्न खतरे की चिंताओं ने जन सामान्य के जीवन को सदमे जैसी स्थिति में ला खड़ा कर दिया। सैकड़ों आशियाने ध्वस्त हो गए। इस विभीषिका को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग उठी। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहनमंत्री नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश में हुई तबाही का जायजा लेने ब्यास घाटी के दौरे पर आए। उनसे प्रदेश की जनता को बहुत उम्मीद थी कि वे अवश्य पूरी परिस्थिति का आकलन करने की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाने की पहल करेंगे जिससे हिमालय क्षेत्र में सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ का समावेश हो सकेगा ताकि आगे चल कर हिमालयी क्षेत्रों में अवैज्ञानिक रूप से बनाई जा रही सड़कों को उपयुक्त तकनीक से बनाने की दिशा में पहल हो सकेगी। सुना गया है कि गडकरी जी भूगर्भ विज्ञान की बुनियादी समझ भी रखते हैं, इसलिए यह अपेक्षा और भी बलवती हो गई थी। हिमालय की तासीर को पढना बिना भू-वैज्ञानिक समझ के संभव ही नहीं है। किंतु खेद है कि हमारी ये योजनाएं इंजनीयरिंग समझ से बनाई जाती हैं जो इस समझ पर कार्य करती है कि हमारे पास सभी निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। किंतु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनयरिंग की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया। हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि यहां इंजीनयरिंग की समझ नाकाफी है और इसके अलावा भूगर्भ विज्ञान से जुड़े तत्व भी ध्यान देने योग्य हैं। यहां-वहां सड़क निर्माण का मलबा किस तरह नदी तल के साथ ही खपाया गया, वह वैज्ञानिक सड़क निर्माण जो हिमालय की जरूरतों के मुताबिक हो इसकी बुनियादी समझ की भी अनदेखी करता प्रतीत होता है। अपनी गलतियों से सीखने के लिए पहले उनको मानना जरूरी होता है, किंतु हम उसके लिए जरूरी नम्रता को शायद अपमान मानते हैं और इसलिए टाल मटोल करके निकल लेते हैं। ऐसे में आगे आने वाले समय में और भी बड़ी गलतियां करते जाने की संभावना बन जाती है। मंत्री जी इस विपरीतगामी प्रक्रिया को बदल सकते हैं। पहाड़ी नदी के तटीकरण की बात तो कुछ हद तक समझ आती है किंतु उसे खोद कर गहरा करने की धारणा हिमालय के बिलकुल भी अनुकूल नहीं है। नदी का तल पत्थर, रोड़ी, बजरी, रेत की मोटी तह से ढका रहता है और नीचे की कच्ची मिट्टी को पानी की मार से बचा कर भू-क्षरण को रोकता है। एक बार यदि नीचे की कच्ची मिट्टी सामने आ गई तो बाढ़ के पानी के कटान से गहरी होती जाएगी, जिससे नदी के किनारे लगे तटबंध भी गिर सकते हैं। नदी हमेशा घुमावदार होकर ही बहती है, क्योंकि पानी कभी सीध में नहीं बहता है। उसको तटीकरण द्वारा यदि सीधा करने के प्रयास किए गए तो वह अपनी घुमावदार चाल को तटबांध तोड़ कर पुनः हासिल कर लेगा। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रश्न यह भी है कि आखिर इतना मलबा नदी में आया कहां से। सड़क निर्माण में अवैज्ञानिक डंपिंग के कारण ही यह मलबा आया। इस बात का जिक्र करने से क्यों बचा जा रहा है।

# ज्ञानवापी का सच सामने आएगा

आशीष वशिष्ठ

> दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 के मद्देनजर इस कथित मस्जिद से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। बहरहाल इसकी अंतिम व्याख्या तो सर्वोच्च अदालत ही करेगी, लेकिन इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल करने वाली कुछ याचिकाएं शीर्ष अदालत के ही विचाराधीन हैं। सभी पक्षों को उस निर्णय की भी प्रतीक्षा करनी चाहिए। किसी भी सुव्यवस्थित देश में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा एक मानवीय जरूरत है। भारत का संविधान इसकी गारंटी देता है। लेकिन क्या कारण था जो हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष (सेकुलर) शब्द नहीं जोड़ा। लेकिन इंदिरा जी का दौर आते-आते वैसा करना जरूरी हो गया और फिर ज्यादातर पार्टियों ने धर्म निरपेक्षता का लबादा ओढ़ लिया

**ज्ञानवापी** परिसर का सर्वे आरंभ हो चुका है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि इस सर्वे की रिपोर्ट के बाद सच सबके सामने आ जाएगा। और इस सर्वे के आधार पर न्यायालय को भी निर्णय सुनाने में सहायता मिलेगी। ज्ञानवापी का मामला काफी लंबे से विवादों में है। इसे लेकर हिंदू व मुस्लिम दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। लेकिन अंतिम निर्णय तो न्यायालय को ही करना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वे को ह्यन्यायहितह्न में अनिवार्य माना है। ह्यअंजुमन इंतेजामिया कमेटीह्न ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसकी तुरंत सुनवाई को मंजूरी भी दी है, लेकिन सर्वे जारी रहेगा। फिलहाल ज्ञानवापी की इमारत को मस्जिद तो नहीं कहा जा सकता। मंदिर का अंतिम फैसला सर्वोच्च अदालत करेगी।इस विवाद को अदालत के भरोसे छोड़ दिया जाना बेहतर है, लेकिन ऐसे अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं, जो इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि ज्ञानवापी मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का ही एक हिस्सा है जिस पर मुगल काल में जबरन कब्जा कर मस्जिद खड़ी कर दी गई। कुछ समय पहले जब वजू खाने में शिवलिंग होने की बात सामने आई तब भी दीवारों और स्तंभों पर हिंदू धार्मिक प्रतीकों की बात उजागर हुई थी। देश-विदेश के अनेक पुरातत्व विशेषज्ञों और इतिहासकारों ने भी इस बात को माना है कि ज्ञानवापी, विश्वनाथ मंदिर के हिस्से में ही बनाई गई और ऐतिहासिक शिवलिंग भी इसके नीचे दबा हो सकता है। एक नंदी प्रतिमा भी है जो मस्जिद की तरफ मुंह करते हुए खड़ी है जिसके आधार पर हिंदू पक्ष का दावा है कि भीतर शिव लिंग है। ये साक्ष्य कई पुस्तकों में संकलित किए गए हैं। यह बादशाह औरंगजेब की हुकूमत के दस्तावेजों से भी स्पष्ट है कि 1669 में मंदिर को तोड़ कर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। चूंकि कथित मस्जिद समतल जमीन पर नहीं बनी है। जमीन किसी शख्स या संस्था ने दान भी नहीं की है। जमीन को खरीदा भी नहीं गया है, लिहाजा इतिहासकार इस्लाम के मुताबिक इसे ह्यहरामह्न मानते हैं। हम ऐसी दलीलों को भी इतिहास मान कर छोड़ देते हैं। इस संदर्भ में वाराणसी की



जिला अदालत ने दो कोर्ट कमिश्नरों की अध्यक्षता में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराया था। सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने भी अयोध्या विवाद का फैसला एएसआई के सर्वे और खुदाई के आधार पर दिया था। एएसआई भारत सरकार की संस्था है और इसके पुरातात्विक निष्कर्षों को अधिकृत और विज्ञान-सम्मत माना जाता रहा है। इलाहाबाद अदालत ने मस्जिद कमेटी की दलीलों को खारिज कर दिया कि सर्वे से मस्जिद को नुकसान पहुंच सकता है। इन दावों को बेदम करार दिया गया। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष द्वारा खुदाई से ढांचे को होने वाले नुकसान की आशंका जताए जाने पर एएसआई को निर्देश दिया कि सर्वे के अत्याधुनिक तरीके अपनाए जाएं जिससे इमारत को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। एएसआई ने भी अदालत को आश्वस्त किया है कि आजकल बिना फर्श खोदे या दीवारों की ऊपरी परत को खुरचे भी भीतरी जानकारी हासिल करना संभव है। उल्लेखनीय है अयोध्या में खुदाई इसलिए हुई थी क्योंकि विवादित स्थल पर कोई इमारत नहीं थी। सर्वे वैज्ञानिक होगा और किसी भी तरह की खुदाई नहीं की जाएगी। ह्यग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडारह्न (जीपीआर) तकनीक का इस्तेमाल कर सर्वे किया जाएगा। फोटोग्राफी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। बहरहाल चूंकि न्यायालय के आदेशानुसार सर्वे होगा और इसमें मस्जिद के ढांचे को क्षति न पहुंचे इसकी सावधानी रखी जाएगी तब एतराज करने की बजाय मुस्लिम पक्ष को सहयोग करना चाहिए। 14 मई, 2022 को जिन वकीलों ने सर्वे में भूमिका अदा की थी, उनके मुताबिक ज्ञानवापी के भीतर पान के पत्ते के आकार की फूल की आकृतियां, त्रिशूल, स्वास्तिक, दीवार पर अंकित श्लोक और 4 तहखाने भी हैं। काफी संख्या में कमल के फूल की कलाकृति पत्थरों पर खुदी दिखी। एक खंभे पर हिंदी में 7 पंक्तियों में कुछ शब्द उकेरे दिखे। छत वाले तीन गुंबदों के अंदर त्रिशंकु शिखरनुमा आकृतियां दिखीं। भीतरी भाग मंदिर-सा लगता है। उत्तर से पश्चिम दीवार के कोने पर मंदिर का मलबा पड़ा है, जिसमें देवी-देवताओं की कलाकृतियां और अन्य शिलापट्ट थे। शिलापट्ट पर शेषनाग की आकृति अंकित है। एक और शिलापट्ट पर सिंदूरी रंग की उभरी हुई कलाकृति है। देव-विग्रह में 4 मूर्तियों की आकृतियां थीं। दीपक जलाने की जगह बनी हुई थी। दीवारें, नींव, खंभा, कुंड, गर्भगृह का दरवाजा, वजूखाने की ओर नंदी का मुख, घंटियां आदि की आकृतियां छपी हुई नहीं, उकेरी हुई थीं। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि क्या किसी मस्जिद में ऐसी कलाकृतियां, आकृतियां और संरचनाएं होती हैं? ह्यस्कंदपुराणह्न में भी ज्ञानवापी का विस्तृत उल्लेख है। कथित मस्जिद करीब 400 साल या 600 साल अथवा 1000 साल पुरानी है, इस तथ्य पर भी मुस्लिम संगठनों, नेताओं और धर्मगुरुओं में मतैक्य नहीं है। दरअसल दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 के मद्देनजर इस कथित मस्जिद से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। बहरहाल इसकी अंतिम व्याख्या तो सर्वोच्च अदालत ही करेगी, लेकिन इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल करने वाली कुछ याचिकाएं शीर्ष अदालत के ही विचाराधीन हैं। सभी पक्षों को उस निर्णय की भी प्रतीक्षा करनी चाहिए। किसी भी सुव्यवस्थित देश में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा एक मानवीय जरूरत है। भारत का संविधान इसकी गारंटी देता है। लेकिन क्या कारण था जो हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष (सेकुलर) शब्द नहीं जोड़ा। लेकिन इंदिरा जी का दौर आते-आते वैसा करना जरूरी हो गया और फिर ज्यादातर पार्टियों ने धर्म निरपेक्षता का लबादा ओढ़ लिया। ये कहना भी गलत न होगा कि भाजपा को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाने में इन तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादियों का ही योगदान है जो मुसलमानों के खैरख्वाह बने रहने का दिखावा करने के साथ ही हनुमान गढ़ी से प्रचार शुरू करते हैं और मंदिर मठों में जाकर मत्था टेकते हैं। मुसलमानों को चाहिए वे इस दोहरे रवैए से खुद को दूर करें। ज्ञानवापी के अलावा मथुरा की शाही मस्जिद का मामला भी ऐसा ही है। ये दोनों हिंदुओं की आस्था के बड़े केंद्र हैं। इनको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बना रहे तो ये भावी पीढियों के लिए भी तकलीफदेह होगा। होना तो ये चाहिए था कि स्वाधीनता प्राप्त करने के बाद एक निश्चित समयावधि में ऐसे सभी मामलों को सुलझा लिया होता जिससे कि व्यर्थ के तनाव न पैदा होते। उस समय देश की बागडोर जिनके हाथों थी, उनकी बात को कोई नहीं टालता। लेकिन उन्होंने इसकी जरूरत नहीं समझी और दूसरी बातों में उलझे रहे। दरअसल अल्पसंख्यकों को खुश करने के फेर में तमाम ऐसे फैसले टाले जाते रहे जो देश के दूरगामी हितों के लिए आवश्यक थे। संदर्भित धर्मस्थलों के बारे में भी ऐसा ही हुआ। पिछले दिनों उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मीडिया साक्षात्कार में ज्ञानवापी मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि, अगर ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद तो होगा ही। सरकार ज्ञानवापी विवाद का समाधान चाहती है। मुस्लिम समाज से ऐतिहासिक गलती हुई है, इसलिए इसके समाधान के लिए मुस्लिम समाज को आगे आना चाहिए। वर्तमान स्थितियों में ऐसा नहीं लगता है कि मुस्लिम पक्ष योगी आदित्यनाथ के सुझाव को स्वीकार करेंगे।

## कविता

### कारगिल युद्ध विजय दिवस

अभिमान भरी बुनियाद है हमारी,
कारगिल की धरती पर दिखाई वीरता सारी।

धैर्य और साहस से भरे शूरमा,
भारतीय सैन्य का नाम रोशन किया।

शीश नही झुकाया दुश्मन के सामने,
अखंडता और वीरता के साथ चढ़ा अन्यायों के मार्ग के सामने।

हिमालय की चोटियों पर खड़े वीर जवान,
शौर्य से भरी अपार उनकी कहानी है महान।

शहीदों की श्रद्धा और बलिदान पर जिएँ हम,
कारगिल विजय दिवस मनाकर अभिमान से भरें हम।

वीरता के पर्वतीय रास्तों पर अग्रसर,
विजयी हुआ भारत, दुश्मन हारा बार बार।

शहीदों को नमन कर उनका सम्मान करें,
कारगिल विजय दिवस पर वीरता की गाथा गाया करें।

उनकी चिताओं पर दीप जलाएँ,
वीर शहीदों को सलामी से याद करें।

देश के लिए जो कुर्बान हुए अमर वीर,
उनके सपूतों को सलामी भेंट करें नर-नार।

कारगिल की विजय का जश्न मनाएँ,
और वीर शहीदों की चिताओं को सजाएँ।

धैर्य, साहस और शक्ति से भरें हम,
कारगिल विजय दिवस पर करें गर्व हम।

डॉ.विजय

# सामने आ रहा ज्ञानवापी का सच

**प्रेम शर्मा**

**नाम** से सिद्ध होता है कि ज्ञानवापी हिन्दु धर्म का पर्याय है। इसके बावजूद शिव मंदिर का विध्वंस करने वाले शायद इस बॉत को भूल गए थे कि मुस्लिम समाज की दुनिया में किसी भी पूजनीय या इबादत करने वाले स्थान का नाम इस तरह से नही होता। क्या किसी के पास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस सवाल का कोई जवाब है कि आखिर ज्ञानवापी परिसर में त्रिशूल क्या कर रहा है? उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह जो कहा कि ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को स्वयं आगे आकर इतिहास में हुई गलती को सुधारने का प्रस्ताव देना चाहिए, वह इस विवाद के समाधान का सही उपाय है। उनकी बात पर मुस्लिम पक्ष को नीर-क्षीर ढंग से विचार करना चाहिए। उसे वैसा रवैया अपनाने से बचना चाहिए, जैसा उसने अयोध्या मामले में अपनाया था। उसने अयोध्या मामले में हठधर्मिता दिखाकर कुछ हासिल नहीं किया। उलटे शांति और सद्भाव से इस विवाद के हल का अवसर गंवा दिया। कतिपय लोगों के कारण ऐसा कई बार हो चुका है। यह शुभ संकेत नहीं कि उनके इस प्रश्न का उत्तर देने के स्थान पर मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के नेता मूल विषय से ध्यान भटकाने वाले बयान देने में जुट गए हैं। यही काम कुछ अन्य मुस्लिम नेता भी करने में लगे हुए हैं। इससे बात बनने वाली नहीं है। मुस्लिम समाज को खुद उन नेताओं से सावधान रहना होगा, जो अपने स्वार्थ के लिए उन्हें बहकाने में लगे हुए हैं। ज्ञानवापी परिसर में यह साफ देखा जा सकता है कि यहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई। इसके तमाम ऐतिहासिक दस्तावेज भी हैं जो देश के ही नहीं विदेश के लोगों ने भी लिखे। इनमें कुछ ऐसे दस्तावेज भी हैं जो औरंगजेब के करीबियों ने लिखे और जिनमें यह कहा गया है कि इस मुगल शासक ने काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त करने का फरमान जारी करने का काम किया था। इसकी कहानी अब तहखाना खुलने के बाद सामने आने लगा है। ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण की ओर से वैज्ञानिक परीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया, वह सत्य को सामने लाने में सहायक साबित होने वाला है। इस निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष को यह आभास हो जाए तो अच्छा कि वह बेवजह अदालतों का दरवाजा खटखटाकर सच्चाई से मुंह मोड़ने की कोशिश ही कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह जो सवाल किया कि आखिर सर्वेक्षण के जरिये सच को सामने लाने में क्या परेशानी है, उस पर मुस्लिम पक्ष को नीर-क्षीर ढंग से आत्मचिंतन करना चाहिए। उसे यह पता होना चाहिए कि उसने अयोध्या मामले में इसी तरह सच से मुंह मोड़ने की जो कोशिश की थी, उसके क्या परिणाम सामने आए। ज्ञानवापी परिसर के मामले में तो खुली आंखों से यह देखा-समझा जा सकता है कि यहां पर मंदिर तोड़कर मस्जिद का निर्माण किया गया।

## विचार

# कुछ तो हो रहा है भाई...

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**लाख को**शिशें कर लेने के बावजूद,संसद में जबरदस्त हंगामा होने के बाद भी मणिपुर की हिंसा रुकी नहीं है।खबर है कि मणिपुर में फिर से हिंसा भड़की है।वैसे अभी तक इस बात की वहाँ से कोई खबर नहीं आई कि कहीं बुलडोजर चला हो।हो सकता है कि वीरेन साहब के पास बुलडोजर ना हो।वैसे वीरेन जी को बाबा से या ताऊ जी से बुलडोजर किराए पर ले लेना चाहिए।दूसरी तरफ नूंह में अच्छी बात है कि फिलवक्त हिंसा पर विराम है और उम्मीद करनी चाहिए कि आगे भी हिंसा नहीं होगी पर इधर से खबर आ रही है कि ताऊ खट्टर का बुलडोजर आ गया है और न केवल आ गया है बल्कि अच्छा-खासा चल रहा है।वैसे कारण चाहे कोई भी हो पर धीरे-धीरे बुलडोजर संस्कृति फल-फूल रही है।वैसे इस सारे मामले में जो बात दबकर रह गई है,वह यह है कि आखिर इस तरह की घटनाओं का असली जिम्मेदार कौन है?आज तक यही सच सामने नहीं आया जबकि तथ्य यह है कि यही सच सामने आना चाहिए।वैसे मुख्य रूप से इस तरह की तमाम घटनाओं के पीछे नफरत ही मुख्य कारक है।गड़े हुए मुर्दे उखाड़ना ही एक कारक है।धर्म-जात के नाम पर की जा रही राजनीति है।लेकिन सच समाने नहीं आ पाता वैसे सच सामने आना चाहिए।वैसे कानून की दृष्टि से भविष्य में बुलडोजर संस्कृति के परिणाम भयानक होने की संभावना है।

***************

खैर,इधर ताऊ खट्टर ने सीईटी क्या लागू किया कि एक तरह का नया बखेड़ा ही खड़ा हो गया।पहले तो इस बात पर बखेड़ा खड़ा हुआ कि आखिर सीईटी की जरूरत क्या है?खैर,जैसे-तैसे यह लागू हुआ,वैसे ही सिर मुंडाते ही ओले गिरने वाली कहावत चरितार्थ हो गई क्योंकि लगभग ग्यारह लाख ने अप्लाई किया और फिर लगभग चार लाख पास हो गए।फिर से बखेड़ा खड़ा हो गया और मामला कोर्ट में जा पहुँचा।आखिरकार कुछ कैटेगरी बनाई गई।कभी कुछ रूल आए,कभी कुछ रूल आते रहे।मगर इस बीच कई केस कोर्ट में लग चुके थे।इस दौरान जो सबसे हैरत की बात यह रही है कि बेरोजगार लोग निरंतर मानसिक तनाव में रहे जो कि अभी तक हैं क्योंकि जैसे ही कैटेगरी नम्बर 56,57 की परीक्षा लेने की बात आई।रातों-रात मामला कोर्ट में पहुँच गया और परीक्षा पर रोक लग गई।पर अबकी बार सरकार और एचएससीसी ने इसे नाक का सवाल बना लिया और रातों-रात कोर्ट लगा।आखिरकार परीक्षा लेने की इजाजत दे दी गई मगर परीक्षा का परिणाम जारी न करने की शर्त लगा दी गई।अब सवाल उठता है कि जब खाली पद हैं,शिक्षित बेरोजगार हैं तो क्यों ना सीधे ही परीक्षा लेकर टॉपर को नौकरी दे दी जाए?

ये बार-बार का झंझट ही खत्म हो जाए मगर गजब है ऐसा न करके कुछ और किया जा रहा है।देखते हैं क्या होता है? वैसे एक हैरत की बात यह है बिना खर्ची-पर्ची के रोजगार देने का दावा करने वाली व्यवस्था की एक भी भर्ती ऐसी नहीं है जो कोर्ट में चैलेंज ना हुई हो।वैसे कोर्ट में पिछली सरकारों की भर्तियां भी चैलेंज होती रही है।तभी तो 2010 में लगे ड्राइंग और पीटीआई नौकरी से बाहर हो चुके हैं।पर कौशल रोजगार निगम फिलवक्त की व्यवस्था का हिस्सा है जो कि मात्र शोषण है मगर जिद्द है कि जाती नहीं।वैसे इतने पचड़ों की बजाय ग्रुप सी और डी की नौकरियां तो सीधे तौर पर आसानी से बिना किसी भेदभाव के दी जा सकती हैं मगर पता नहीं क्यों यह बात सत्ता में बैठे लोगों को समझ नहीं आती या फिर जो व्यवस्था है वो कहीं गड़बड़ कर रही है।खैर,समर्थ को नहीं दोष गौसाई।चलिए,ताऊ खट्टर जो भी करेंगे,ठीक ही करेंगे। अच्छा !हरियाणा में शिक्षा विभाग ने भिरड़ों के छत्ते में एक बार फिर से हाथ मार दिया है।नहीं समझे, मतलब कि मास्टरों के लिए तबादले के लिए नीति तैयार कर दी है।काफी जद्दोजहद के बाद अब उस ट्रांसफर नीति को सरकार ने मंजूरी दे दी है मगर शिक्षक संगठनों ने उक्त ट्रांसफर नीति पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। वैसे मास्टरों की ट्रांसफर करना भी पाक से युद्ध जीतने के बराबर हैं क्योंकि एक लाख मास्टरों की पांच लाख समस्याएं हैं और सैंकड़ों संगठन है।सरकार और विभाग भी करे तो क्या करे।खैर,ताऊ खट्टर से सिर्फ इतना ही कहना है कि अबकी बार तो ट्रांसफर कर ही दो,देखी जाएगी,जो होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रंग करें दंग

**ललिता जोशी**

रंगों का जीवन में बहुत महत्व है । यदि जीवन बेरंग हो तो जीवन नीरस ,भद्दा और उबाऊ बन जाता है । मनुष्य रंगविहीन जीवन की कल्पना नहीं कर सकता । मनुष्य को रंग कि प्रेरणा प्रकृति से प्राप्त होता है । प्रकृति के सात रंग ,इन्द्रधनुष के साथ रंग सभी को मनमोहक लगते हैं । जीव जन्तुओ ,पक्षियों को भी प्रकृति ने अपने रंगों से सजाया है तभी तो इनकी खुबसूरती बरबस ही अपनी और आकृष्ट कर लेती है । मनुष्य भी प्रकृति के रंगों से प्रेरित हो अपनी दुनिया को प्राकृतिक और स्व-निर्मित रंगों से भरता है । उसने भी प्रकृति से अपने लिए कृत्रिम और प्राकृतिक रंग बनाए। ये रंग जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं । लेकिन रंग दंग भी करते हैं । कभी रंग बेशर्म होते हैं तो इन पर राजनीति आरंभ हो जाती है । केसरिया बालमहोता है तो ये सन्यास का रंग भी और किसी विचारधारा का भी , लाल रंग पूजा का भी और शक्ति का , ऊर्जा का है तो हरा रंग कृषि का है ,साथ ही किसी धर्म विशेष का प्रतीक है । रंगो का प्रयोग मरीजों के उपचार के लिए भी किया जाता है । इसे रंगचिकित्सा के नाम जाना जाता है । इस पद्धति में ज्योतिषीय रत्न भी आते है जो किसी न ग्रह से संबंध रखते हैं । रंगों कि शक्ति और महत्व का इससे भी ज्ञात होती है । रंग चाहे तो बिगड़ी बना दे अन्यथा धूल चटा दे । ये रंग सब्जी के भी हैं । आजकल लाल लाल टमाटरों ने राजनीतिक हल्कों में अफरातफरी का माहौल बना रखा है और गृहणी कि तबीयत हलकान कर रखी है इतने महगें टमाटरों ने सब्जी का रंग और स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है । बेचारा लाल टमाटर तो महंगा होते ही सुर्खियों में छा जाता है लेकिन बेचारी अदरक कितनी ही महंगी हो जाए उसे कोई पूछता ही नहीं चाहे इसमें कितने ही गुण क्यों न हो । क्यों पूछेंगे इसे क्योंकि ये एक तो बेढब और दूसरे आकर्षक रंग कि जो नहीं होती । फिल्म में रंग बेशर्म बनाया गया तो नेताओं ने इस पर राजनीति कि और फिल्म के पोस्टर फाड़े गए आंदोलन किए गए लेकिन उफ : करें तो क्या करें लेकिन बेचारा रंग मूक दर्शक कि तरह सब देखता ही रहता है।

# पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स

**डॉ. सुरेश**

यह कभी नहीं भूलना चाहिएक कि गाय हमारी माता है और हम उसके पुत्र। माता की सेवा न सही ढोंग करना तो सीखो। वह ऐसी माता है जो असली सेवा करने वाले को कुछ दे न दे, अपितु ढोंग करने वालों को मेवा देती है। उसके गोबर और मूत्र को मात्र गोबर या मूत्र कहकर उसका अपमान करने वाला कहीं का नहीं रहता। यह एक श्रेष्ठ उत्पाद है। अगर कुछ विज्ञापन छपवा दें तो चीन इम्पोर्ट करने को उतावला हो जायेगा । वो तो हमारी नीति है कि चीन से कुछ खरीदेंगे नहीं, इसलिए मजबूरी है कि बेचेंगे भी नहीं । हाँ यह अलग बात है कि चाइना आइटम्स बैन लिखे टी-शर्ट छाप-छापकर चीन भारत में करोड़ों कमा लेता है। बात को पहले ठीक से समझ लें सब लोग, उसके बाद कोई राय बनाएं ।

जल्दी न मचाएँ, पहले चुनाव हो जाने दें । लोकतंत्र संविधान की ही नहीं गाय की भी देन है । पांच साल में एक बार गाय जनता से बड़ी हो जाती है । उसकी फल, फूल और नगद से पूजा करनी होती है, आरती उतारनी होती है । चुनाव सर पर हैं, गाय का पूजन जोरों पर है। अभी पूजा करेंगे तभी न कल केंद्र में कुंडली मारकर बैठ पायेंगे। गाय को लेकर सब अपने-अपने ढंग से लगे हैं। कहीं-कहीं तो सरकारें बकायदा उसे खरीदकर जनता में अपनी हिंदू छवि सुधारने का प्रयास कर रही है। गोबर न हुआ असली हिंदू बनने का प्रमाण पत्र हो गया। आम आदमी से क्या लेना देना, आम आदमी तो आम की कीमत वाला भी नहीं होता है ! गाय बड़ी होती है । लेकिन गाय चुनाव से आगे बढ़ नहीं पाती । इसी को पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स कहते हैं । असल में गाय किसकी है यह मतदाता अपने मतों से निर्धारित करता है।

लेकिन चुनाव के समय गाय को लेकर कोई संदेह नहीं हैं । गाय चाहेगी तो लाख बलात्कारों, महंगाई, बेरोजगारी के बाद भी सरकार बना देगी। देश तेजी से आधुनिक हो रहा है।

आधुनिकता गाय के रास्ते घर-घर पहुँचने को तैयार है। जरूरत है तो उसे धर दबोचने की। जो इसे अच्छे से दबोच लेता है तो उसे महंगाई, बेरोजगारी और लाचारी से छुटकारा मिलता है।

## न्यूज फ्लैश

### बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी) एक अग्रणी प्रौद्योगिकी सक्षम डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर है, जो मुख्य तौर पर इन क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है- (ए) भारत में प्रमुख बैंकों के लिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेवाएं, (बी) सहायता प्राप्त ई-सेवाएं; और (सी) भारत में जमीनी स्तर पर ई-गवर्नेंस सेवाएं। कंपनी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी 2,41,30,000 इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 रुपये) तक के फ्रेश इश्यू की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फाइनेंसिंग के लिए शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है-

1. नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा प्लेटफार्मों को मजबूत करने के लिए टैक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना; 2. बीएलएस स्टोर्स की स्थापना करके ऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए वित्तपोषण पहल; 3. अधिग्रहण के माध्यम से इनऑर्गेनिक ग्रोथ हासिल करना; और 4. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

### इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** व्यापक वितरण नेटवर्क और एक स्केलेबल टैक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ हरियाणा के गुरुग्राम स्थित खुदरा केंद्रित किफायती आवास वित्त कंपनी इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से कुल मिलाकर 1800 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 5) के माध्यम से धन जुटाने की है। इस ऑफर में कुल मिलाकर 1000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए ऑफर (ऑफर फॉर सेल) शामिल है, जो कुल मिलाकर 800 करोड़ तक है।

कंपनी नए इश्यू से हासिल होने वाली शुद्ध आय का उपयोग इन दो उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है - (ए) आगे की उधार देने के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना; और (बी) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

बिक्री के प्रस्ताव में कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड (मैडिसन इंडिया अपॉर्चुनिटीज ट्रस्ट फंड के ट्रस्टी के रूप में) द्वारा कुल मिलाकर 49.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; मैडिसन इंडिया अपॉर्च्युनिटीज द्वारा 2,945.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, मियो स्टाररॉक द्वारा 784.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, नेक्सस वेंचर्स लिमिटेड द्वारा 1,372.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, 2,205.68 मिलियन तक नेक्सस अपॉर्च्युनिटी फंड, नेक्सस अपॉर्च्युनिटी फंड (सामूहिक रूप से, शेयरधारकों को बेचने वाले निवेशक या विक्रय करने वाले शेयरधारकों) (बिक्री के लिए प्रस्ताव) द्वारा 644.32 मिलियन तक का एग्रीगेटिंग।

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, एंबिट प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### किराएदारों को कमरा खाली करने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में विधवा महिला ने एक ग्रामीण पर दबंगई करने और उनके कमरों पर कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित उससे रंगदारी वसूली का प्रयास कर रहा है। वह किराएदारों को जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और उसको बार-बार थाने में बुलाकर घंटों तक बैठाए रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

गांव वाजिदपुर सबौली की रहने वाली गीतादेवी ने पुलिस को बताया कि उनके कुंडली की प्रेम कालोनी में कमरे बने हुए है। उन्होंने 44 कमरे बनाए हुए है। उन सभी में किराएदार रहते है। उन्होंने सभी को कमरे किराए पर दिए है, और वही उनसे किराया वसूलती हैं। उनके कमरों और संपत्ति पर किसी प्रकार का विवाद नहीं है। उनके गांव का विकास अवैध उगाही करना चाहता है। वह कमरों में रहने वाले किराएदारों को खाली करने की धमकी देता है। कमरे खाली नहीं करने पर उनको जान से मारने की धमकी देता है। जब उसको समझाने का प्रयास किया गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। गीतादेवी ने बताया कि इसकी शिकायत कुंडली थाना पुलिस से की। पुलिस उसे थाने में बुलाती है उसे घंटों थाने में बैठाएं रखती है। पीड़िता ने एसीपी को सौंपी शिकायत में मामला दर्ज करके कार्यवाही की मांग की है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को नूंह जाने से रोका

## सांसदों को नूंह में जाने रोकने से साबित होता है कि नूंह में स्थिति ज्यादा तनावपूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/**
**भारतीय कम्यु**निस्ट पार्टी के एक उच्च स्तरीय प्रतिनीधिमंडल को गुरुग्राम नूह सीमा पर पुलिस और डयूटी मजिस्ट्रेट ने नूंह जाने से रोक दिया। आज केरल सरकार के पूर्व मंत्री, राज्य सभा सांसद एवं सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कामरेड बिनोय विश्वम के नेतृत्व में सीपीआई का प्रतिनीधिमंडल गत दिनों नूंह में हुई हिंसा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने नुकसान का जायजा लेने और शांति व भाईचारे की अपील करने के लिए नूह जा रहा था।



प्रतिनीधिमंडल में बिनोय विश्वम के अलावा सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव एवं एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर, राज्य सभा सांसद एवं सीपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य संदोष कुमार पी, राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, एटक हरियाणा के सीनियर उप महासचिव अनिल पंवार, सतपाल नैन, हरीप्रकाश शर्मा, धीरेन्द्र आदि शामिल थे। पुलिस अधिकारी एवं डयूटी मजिस्ट्रेट ने धारा 144 का हवाला देते हुए प्रतिनीधिमंडल को नूह जाने से रोक दिया। इस अवसर पर प्रतिनीधिमंडल ने रोष

**रोष**

> 8 पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने नुकसान का जायजा लेने सदस्य नूंह जा रहा था

व्यक्त करते हुए गिरफ्तारी का आग्रह किया। कामरेड बिनोय विश्वम, अमरजीत कौर एवं पी संदोस कुमार ने प्रैस को सम्बोधित करते हुए हरियाणा पुलिस एवं प्रशासन की कडे.शब्दों में निंदा की। दोनों सांसदों ने कहा कि सांसदों को नूंह में जाने रोकने से साबित होता है कि नूंह में स्थिति ज्यादा तनावपूर्ण है। प्रतिनीधिमंडल ने मेवात क्षेत्र की जनता से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने हरियाणा सरकार व पुलिस प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि नूह व आस पास के इलाकों तथा अन्य जिलों में अमन व शांति कायम कर पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए व असली दंगाइयों व दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# ऊंची आवाज कर रहे युवकों को टोकना संचालक को पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड पर स्थित कैफे पर ऊंची आवाज में बात कर रहे युवकों को टोकना संचालक को भारी पड़ गया। युवकों ने संचालक से मारपीट करने के साथ नुकीले हथियार से हमला कर दिया। साथ ही कैफे में तोडफोड़ भी कर दी। बाद में वह धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस ने दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फाजिलपुर निवासी अजय ने बताया कि वह ओल्ड डीसी रोड पर लाइफ होटल के नाम से कैफे चलाते हैं। वह शुक्रवार शाम को कैफे पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनके कैफे पर चार-पांच युवक बैठकर ऊंची आवाज में बात कर रहे थे। उन्होंने कैफे में युवकों को तेज आवाज में बात नहीं करने की बात कही थी। इसी बात पर वह गुस्सा हो गए। युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने लात-घुस्से व डंडे के साथ ही किसी नुकीले हथियार से भी उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अनुज नाम का युवक भी शामिल थी। उन्होंने उनके साथ मारपीट करने के साथ ही कैफे में तोडफोड़ भी कर दी। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगे की आज तो बच गया, अगली बार नहीं बचेगा। उसके बाद हमलावर चले गए। उन्होंने अस्पताल में अपना उपचार कराया और मामले की शिकायत पुलिस को दी। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलवारों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मन की फैक्ट्री में ही बनता है सुख-दुखः रमेश मुनि

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**श्री** एस एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजित ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज



श्री रमेश मुनि जी महाराज ने प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म मात्र कर्मकांड नहीं है, धर्म एक नजरिया है, जिससे अनोखा जीवन व जगह देख सकते हैं` उन्होंने कहा कि सुख-दुख बाहर से आने वाली आइटम नहीं है` सुख-दुख का प्रोजेक्ट हमारे खुद के मन की फैक्ट्री में ही तैयार होता है` आगे कहा कि जब तक आंखें हैं, रूप दिखाई देगा, जब तक कान है, शब्द सुनाई देंगे, जब हम देखते व सुनते हैं, पर कोई प्रक्रिया नहीं करते ये साक्षी भाव है` देखना, सुनना, सूंघना अपराध नहीं है. देखना अपराध तब बनता है जब विकार जुड़ जाते हैं जब हम किसी एक्शन का रिएक्शन नहीं करते तो ये सिद्धदर्शन है ये ही हमें प्रभुमय व आनंदित जीवन का स्वामी बनाता है। कुछ व्यक्तियों का जन्म मात्र तकरार के लिए होता है.`वो जहां भी जाते हैं, कलह के कीटाणु बिखेरते चले जाते है। समाधान या समझौता वृत्ति उसके जीवन से कोसों दूर होती है` झगड़े व रगड़ो में जीवन धन हाथ से निकल जाता है उन्होंने कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है और समय जीवन की कसौटी है।

### नाबालिग को भागने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से भगाने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी नाहरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि विनय निवासी बागपत उसकी बेटी को झांसा में लेकर भगा ले गया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच अधिकारी नरेश की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

# विधायक को विहिप ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विश्व** हिंदू परिषद ने विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान सेक्टर-15 पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद के पदाधिकारियों ने मेवात में हुए दंगे के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। विधायक सुरेंद्र पंवार को दिए ज्ञापन में बताया कि भगवान कृष्ण की क्रीडा स्थली जहां महाभारत कालीन मंदिर है। हमेशा हिंदुओं की तीर्थस्थली रही है। एक समृद्ध संस्कृति का नाम है मेवाड़। उसी का एक भाग आज मेवात के नाम से जाना जाता है। जिस तरह कुछ दिन पहले मेवात में घटना घटी है,



उसके दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि मेवात की घटना बहुत ही निंदनीय है। वह सरकार से मांग करते है कि इस घटना में जो भी दोषी है, उनके खिलाफ सरकार जल्द से जल्द कार्रवाई करें। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की उस दिन जिम्मेदारी थी, कोताही बरतने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। इस दौरान सुभाष गुप्ता, पवन गर्ग, नरेंद्र शर्मा, मुकुल मिश्रा, राकेश, विनोद, एडवोकेट नीतू मल्होत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# छावनी के हाथीखाना मंदिर में हवन यज्ञ आयोजित

**आहुति**

> 8 प दीप लाल जयपुरी जी ने सर्वप्रथम विनायक पूजन किया उसके बाद वेदी पूजन के बाद यज्ञ आरम्भ किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला के कैलाश मंदिर ( हाथी खाना)** के सानिध्य में भगवान परशुराम सेवा समिति ( रजि ) अम्बाला छावनी द्वारा महीने के प्रथम रविवार को यज्ञ करवाया गया। प्रस्तुत यज्ञ में समिति के पुरोहित प दीप लाल जयपुरी जी ने सर्वप्रथम विनायक पूजन किया उसके बाद वेदी पूजन





के बाद यज्ञ आरम्भ किया। मनमोहन दास जी के शुभ आशीर्वाद से 20 वे रुद्रमहायज्ञ 2023 में भगवांन परशुराम सेवा रजि(1069) अम्बाला छावनी के सचिव राजेश गोल्डी एवम उनकी धर्मपत्नी सुषमा देवी ने शिरकत की। यज्ञ आचार्य प दीप लाल जयपुरी जी ने रुद्री के मंत्रों, परशुराम गायत्री, शिव गायत्री के 108 नामों के द्वारा यज्ञ में आहुतियाँ डलवाई, श्री शिव महिम्न स्त्रोत का पाठ, महामृत्युंजय के मन्त्रो से वातावरण शिवमय हो गया। इस शुभ अवसर पर समिति के महासचिव सुरिंदर राजू ने कहा कि सावन माह में यज्ञ करने वाला हमेशा आयु आरोग्य का आशिर्वाद प्राप्त करता है। इस अवसर पर समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने कहा कि हमारी समिति रात दिन कड़ी मेहनत करके नग्गल करधान में बन रहे भगवान परशुराम जी के मंदिर को बंनाने में पदाधिकारी एवम समस्त सदस्यगण जी तोड़ मेहनत कर रहे है।

अतुल शर्मा ने बताया कि समिति जल्दी ही मंदिर के सामने जगह लेकर धर्मशाला का भी निर्माण करेगी। नीतीश शर्मा, राजीव शर्मा, सतीश शर्मा, अनुराग कौशिक,शशिकांत पराशर,सुनीता पराशर,सुमन शर्मा, सोहन शर्मा, नरिंदर शर्मा, डॉ राकेश भारद्वाज, रविंदर बिल्ला शर्मा, सुरेश कौशिक ओर अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नूंह हिंसा में मरे अभिषेक बजरंगी के नाम पर पानीपत में बनाया जाएगा द्वार: विज



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत नगर निगम की सोमवार को होने वाली हाउस की बैठक मे शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने शहरी हलके से संबंधित 10 प्रस्ताव भेजे है और निगम अधिकारियों से प्रस्ताव के माध्यम से शहरी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट मांगी है। वहीं विधायक प्रमोद विज ने नूंह में साम्प्रदायिक हिंसा में मारे गये नूरवाला की धमीजा कालोनी निवासी अभिषेक बजरंगी के नाम पर द्वार बनाने का प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा वार्ड 17 में एफसीआई की खाली पड़ी जमीन पर स्कूल बनाने का प्रस्ताव भेजा है। वहीं विधायक ने पत्र लिखकर पूछा गया है कि नगर निगम द्वारा बिजली शाखा में 40 कर्मचारी स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए अनुबंध के आधार पर रखे गए थे, इनके नाम, पता व मोबाइल नंबर बतलाये जाए। जबकि नगर निगम द्वारा इस वर्ष स्ट्रीट व टावर लाइटों के रखरखाव के लिए 91.55 लाख रुपये का कार्य ठेकेदार को प्रदान किया गया है, ऐसा होने के उपरांत ये 40 कर्मचारी क्या कार्य कर रहे हैं। वहीं विधायक ने पूछा है कि हाली पार्क व झील के निर्माण कार्य की अवधी पूरी हो चुकी है लेकिन अब तक भी झील को चालू क्यों नहीं किया गया।

### परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए रोडवेज की लॉरी का शेड्यल जारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**प्रदेश** के अलग-अलग जिलों में होने वाली एचएसएससी परीक्षा को लेकर विभाग ने कमर कस ली है। शनिवार को जारी हुए ग्रुप-सी भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर रोडवेज की लॉरी सुबह तीन बजे से उम्मीदवारों के लिए बस परिसर में मौजूद रहेगी। जिले के उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र करनाल, कुरूक्षेत्र, पानीपत, पंचकूला और हिसार जिले में बनाया गया है। जिले के करीब 5018 उम्मीदवार इस पद के लिए परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए दो दिनों के दौरान सोनीपत डिपो से 99 बसें चलाई जाएगी। डिपो में छह बसें रिजर्व रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। उम्मीदवारों के लिए विभाग की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बलदेव नगर के सरकारी स्कूल में ई-अधिगम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर अंबाला वन में अंतर्गत ई-अधिगम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला वन सतवीर सैनी ने प्रार्थना सभा में छात्रों को ई-अधिगम के बारे में समझाया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।

उन्होनें बताया कि यह योजना हरियाणा सरकार द्वारा बच्चों को डिजिटल युग में ई-अधिगम में सक्षम बनाने के लिए प्रारंभ की गई है। यह योजना बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है,



बच्चे पढ़ाए जाने वाले बिषय के बारे में पूर्व में ही ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। यदि विद्यार्थी किसी कारण वश विद्यालय में अनुपस्थित रहता है तो भी उसकी पढ़ाई का नुकसान नहीं होता है। प्रधानाचार्य ने ई-अधिगम प्राध्यापकों के द्वारा कुशलता से कार्यक्रम को सफल बनाने को सराहनीय कदम बताया विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए गए टेबलेटस के माध्यम से ई-अधिगम करवाएं जाने को बहुत ही महत्वपूर्ण योजना बताया। प्रधानाचार्य जी ने कक्षाओं का भी निरीक्षण किया ई-अधिगम छात्रों तथा अध्यापकों की सराहना की हमारे विद्यालय में दसवीं के छात्र अनु कार्तिक विशाल आकाश रणधीर एवं रोहन ई-अधिगम छात्र बने। प्राध्यापक अमन, तारावती, अर्पना, पारुल, सुमेश, नीलम एवं वनिता आदि ने ई-अधिगम प्राध्यापकों की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

# फैक्टरी में अज्ञात कारणों के चलते लगी भीषण आग

## दमकल विभाग ने 13 घंटे के बाद आग पर पाया काबू, अलग-अलग जिलों से 26 दमकल गाड़िया मौके पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित प्लास्टिक दाना से पैकिंग बैग बनाने वाली फैक्टरी में शनिवार सुबह पांच बजे भीषण आग लग गई। आग लगी देख फैक्टरी में मौजूद कर्मियों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की सूचना फैक्टरी मालिक, अग्निशमन विभाग व पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग 13 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से फैक्टरी मालिक को आग से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्याऊ मनियारी स्थित इंडो इम्पेक्स पैकेजिंग फैक्टरी में प्लास्टिक दाना से पैकिंग बैग तैयार किए जाते है। शनिवार सुबह करीब पांच बजे फैक्टरी में अचानक प्लास्टिक के सामान में आग लग गई। आग प्लास्टिक में होने के चलते तेजी से फैलने लगी। जिससे अंदर काम कर रहे कर्मियों में हडकंप मच गया। वह आग से बचने के लिए बाहर की तरफ भागे। उन्होंने गार्ड को जानकारी देने के साथ ही दिल्ली निवासी फैक्टरी मालिक को आग लगने के बारे में बताया। उसके बाद तुरंत अग्निशमन विभाग व पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रशासन की तरफ से एसडीएम राकेश संधू भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्लास्टिक दाना व प्लास्टिक होने के चलते आग तेजी से बढ़ने लगी। जिस पर सोनीपत के साथ रोहतक, पानीपत व दिल्ली के नरेला से 26 गाड़ियों को बुलाया गया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने 13 घंटे में आग पर काबू पाया। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। आकलन के बाद ही नुकसान का पता लग सकेगा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है।

**आग पर काबू**

> 8 चारों तरफ से फैक्टरी की दीवारें ऊंची होने के लिए कर्मचारियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी

**आसपास की फैक्टरियों को करवाया गया खाली-** फैक्टरी में लगी आग ने भयंकर विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग पूरी फैक्टरी में फैल गई। प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से आसपास की फैक्टरियों को खाली करवाने के निर्देश दिए। ताकि किसी की जान की हानि न हो सके। आग की सूचना के बाद एसडीएम व कुंडली थाना पुलिस सहित दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**क्रेन से तोड़नी पड़ी दीवार, उसके बाद बुझाने में हुए सफल-** फैक्टरी में लगी आग को बुझाने में दमकल विभाग के कर्मचारी सफल नहीं हो पा रहे थे। चारों तरफ से फैक्टरी की दीवारें ऊंची होने के लिए कर्मचारियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी। जिसके बाद हाइड्रा क्रेन बुलाकर दीवार को तोड़ना पड़ा।

# आप ने इसराना हलके के गांवों में चलाया बिजली आंदोलन अभियान

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**आम आ**दमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रविवार को इसराना हलके के गांव कैत, शाहपुर व बिजावा में आप द्वारा हरियाणा प्रदेशभर में चलाये जा रहे बिजली आंदोलन अभियान के तहत ग्रामीणों को बिजली के ज्यादा आने वाले बिलों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। राकेश चुघ व पार्टी पदाधिकारियों ने तीनों गांवों की चौपालों में नुकड सभाओं का आयोजन कर- के ग्रामीणों को बताया गया कि दिल्ली व पंजाब में लोगों के घरों



के बिजली के बिल जीरो आते है और वहां पर बिना किसी कटों के बिजली मिलती है। जबकि पानीपत सहित हरियाणा राज्य में लोगों के घरों के कई-कई हजार बिजली के बिल आते है और लोगों को बिजली भी बार-बार कट लग करके ही मिलती है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा के साथ लगते दिल्ली व पंजाब राज्यों के लोगों को फ्री बिजली मिल सकती है तो यहां पर फ्री बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा राज्य में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को फ्री बिजली दी जाएगी।

# आम से ऐसे पाएं बेदाग और चमकदार त्वचा



फलों के राजा आम को सभी पसंद करते हैं, लेकिन खाने में यह जितना स्वादिष्ट होता है उससे कहीं अधिक फायदेमंद होता है, इस आलेख में हम आपको बता रहे हैं आम सौंदर्य के लिए कितना फायदेमंद है।

## आम के आम, गुठलियों के दाम

पेड़ों पर कैरियां लगभग खत्म हो गई हैं और कुछ ही दिनों में पके आम भी बाजार से गायब हो जाएंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं ये आम खाने में जितने ज्यादा स्वादिष्ट और रसीले होते हैं उतने ही त्वचा को बेदाग बनाने और निखारने के लिए भी उपयोगी होते हैं। आम के फेसपैक से पिंपल की समस्या ठीक हो जाती है। आइए इस आलेख में जानें कि चेहरे को स्वस्थ और चमकदार बनाने के लिए आम का फेस पैक कैसे बनाएं।

## एंटी एजिंग मास्क प्रयोग करें

एंडीऑक्सीडेंट, आम में काफी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है इस कारण इसे एंटी एजिंग फल भी माना जाता है। मेंगो मास्क से आप त्वचा को जल्दी बूढ़ा होने से बचा सकते हैं। मेंगो मास्क के लिए आम के पल्प को सीधे अपने चेहरे पर लगाएं। इसका फर्क आपको कुछ ही दिनों में महसूस करने लगेंगे।

## पिंपल हटाएं

पिंपल की समस्या से हर किसी को दो-चार होना पड़ता है। गर्मी में ये समस्या और अधिक बढ़ जाती है। अगर आप भी इस समस्या से ग्रस्त तो कच्चे आम के जूस का इस्तेमाल करें। कच्चे आम का जूस एस्ट्रीजेंट के रूप में पिंपल हटाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। इससे झाइयां भी दूर हो सकती हैं। बाजार में मिल रहे कैमिकल एस्ट्रीजेंट का इस्तेमाल करने से बेहतर है कि हम घर पर ही कच्चे आम का एस्ट्रीजेंट प्रयोग करें।

## त्वचा टोन करें

अगर आपकी त्वचा ढीली पड़ गई हो तो मेंगो और हनी फेस पैक यूज करें। आम और शहद का मेल त्वचा को टोन कर उसे निखरने में मदद करेगा। इसके लिए थोड़ा सा पके आम का पल्प लें और उसमें एक चम्मच शहद और बादाम तेल मिलाएं। आम, शहद और बादाम के इस पेस्ट को आप चेहरे पर पंद्रह मिनट के लिए लगाएं और इसके बाद चेहरा धो लें। इससे आपकी त्वचा बिल्कुल फ्रेश दिखेगी।

## ब्लैकहेड हटाएं

अगर ब्लैकहेड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए सारे उपाय कर चुके हैं तो अब आम का उपाय अपनाइए। पके हुए आम के पल्प को मिल्क पावडर और शहद के साथ मिक्स करें और स्क्रब बनाएं। इसे चेहरे पर गोलाई में हल्के हाथों से रगड़ें और चमकदार त्वचा पाएं।



## जूस से पाएं दमकता हुआ चेहरा

हर लड़की चाहती है कि उसका चेहरा साफ और दमकता हुआ हो, और वह इसके लिए बहुत मेहनत भी करती हैं, लेकिन आपको किसी भी तरह के पैक लगाना या कोई खास कोशिश करना पसंद नहीं हैं। तो भी घबराइए नहीं, क्योंकि हम आपके लिए लेकर आए हैं ऐसे कुछ चुनिंदा जूस जो आपको स्वाद और सेहत के साथ देंगे चमकती त्वचा का तोहफा। आइए जानें यह जूस थेरेपी खूबसूरती पाने में कैसे आपकी मदद करती है।

### चुकंदर से पाएं बेदाग निखार

आपकी ग्लोनिंग स्किन की चाहत को चुकंदर का जूस बहुत ही आसानी से पूरा कर सकता है। इसमें विटामिन ए, सी और के होता है। यह आपके शरीर की आयरन कॉपर और पौटेशियम की जरूरत पूरी करता है। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ और ग्लोनिंग बनती है। इस जूस को बनाने के लिए आपको चाहिए 2 चुकंदर, 4 गाजर, 1 नींबू और थोड़ा सा नमक। चुकंदर और गाजर को धोकर-छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अब जूसर में डालकर ब्लैंड करें। तैयार जूस में नींबू और नमक मिक्स करें। एक बात हमेशा याद रखें कि चुकंदर का जूस हमेशा किसी अन्य सब्जी या फल जैसे गाजर, सेब, अनार आदि के जूस में मिलाकर ही लें। क्योंकि केवल चुकंदर का जूस पीने से वोकल कोर्ड में थोड़े समय के लिए ही सही, लेकिन दिक्कत हो सकती है।

### केवल 7 दिन में चेहरे पर निखार के लिए करें प्रयोग

अपने शरीर की जरूरत के हिसाब से अगर मिनरल और विटामिन लिए जाएं तो त्वचा अंदर से ग्लो करने लगती है। इस अद्भुत जूस को बनाने की सारी चीजें आपको आपके किचन में आसानी से मिल जाएगी। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए-3 गाजर, 1 सेब, 1 खीरा, 1 शिमला मिर्च, आधा चुकंदर, 1 गिलास पानी, आधा नींबू। सभी चीजों को धोकर इनका छिलका उतार लें और छोटे पीस में काट लें। अब मिक्सर में जूस बनाने के बाद इसमें नींबू निचोड़ लें। तैयार है आपका जूस। केवल 7 दिन किसी भी एक टाइम खाने की जगह ये जूस लें और असर देखें। आप चाहें तो बहुत थोड़ा सा काला नमक टेस्ट के लिए मिला सकते हैं।

### ये जूस 15 दिनों में चेहरे पर लाता है निखार

गर्मियों के मौसम में खूबसूरती और सेहत दोनों के लिए जूस बहुत बेहतर होते हैं। बदलते मौसम की हवाएं में भी यह आपके चेहरे की रंगत में निखार लाने में मदद करता है। इस जूस को बनाने के लिए आपको चाहिए, आधा चुकंदर, दो टमाटर और 3 गाजर। इन सबको धोकर साफ करके और काटकर मिक्सर में जूस बना लें। दिन में 3 से 4 बजे के बीच इसे पिएं। इस जूस को लेने से एक घंटा पहले और एक घंटा बाद में कुछ न खाएं। ये चेहरे पर ग्लो देने के साथ ही पिंपल्स को भी दूर करता है।

### एलोवेरा जूस से ग्लो

एलोवेरा जूस विटामिन से भरपूर होता है। ये आपकी स्किन में प्राकृतिक ग्लो बनाए रखता है। आपकी स्किन पर दिखने वाले प्री मैच्योर और एजिंग के प्रभाव को रोकता है। संवेदनशील त्वचा पर सनबर्न का असर बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में ऐलोवेरा जूस आपकी स्किन की रक्षा करता है। एक महीना एलोवेरा जूस लेने पर आपको खुद में फर्क महसूस होने लगेगा। इस जूस को बनाने के लिए आपको 2 स्लाइस ऐलोवेरा, आधा नींबू या संतरा और थोड़ा सा नमक चाहिए। सबसे पहले ऐलोवेरा के दोनों साइड का नुकीला हिस्सा चाकू से अलग कर दें। अब ऊपर और नीचे की दोनों परतें छील दें। ध्यान रखें कि एलोवेरा के छिलके के नीचे यलो पार्ट को छीलकर अलग कर दें। नहीं तो जूस कड़वा हो जाएगा। अब इसके छोटे पीस काटकर, थोड़ा सा नमक, आधा नींबू निचोड़कर या थोड़ा सा ऑरेंज जूस मिलाकर मिक्सर में जूस बना लें।

## रेसिपी



### फ्राइड स्वीट पटैटो

**सामग्री**

- मध्यम आकार के शकरकंद
- राई का तेल: एक बड़ा चम्मच
- काली मिर्च (दरदरी पिसी): आधा छोटा चम्मच।
- नमक: चौथाई छोटी चम्मच।
- लाल मिर्च: चौथाई छोटा चम्मच।
- लहसुन की कली (पिसी हुई): दो-तीन।

**विधि**

शकरकंद को फांक में काट लीजिए। इन्हें एक कटोरे में रखें और ठंडे पानी में डुबोकर पंद्रह मिनट के लिए छोड़ दें। 375 डिग्री फारेनहाइट पर ओवन को प्री-हीट दें। वेजिटेबल स्प्रे के साथ एक बेकिंग शीट बिछाकर साइड में रख दें। शकरकंद का पानी निथार दें और पेपर टॉवल से उन्हें सुखाएं। ध्यान रहे कि शकरकंद में पानी की चसक न रहे। इन शकरकंद को बड़े कटोरे में रखें और ऊपर से तेल डालकर अच्छी तरह मिला दें। इसके ऊपर काली मिर्च, नमक, लाल मिर्च छिड़ककर 375 डिग्री फारेनहाइट पर इन्हें 20 मिनट तक बेक करके निकालें। अब इसमें लहसुन डालकर 15-20 मिनट तक और पकाएं। ध्यान रखें कि शकरकंद कुरकुरे और ब्राउन हो जाने चाहिए। पकने के बाद लंच टेबल पर गर्मागर्म सर्व करें।



### राजस्थानी कढ़ी

**सामग्री**

■ घी: 1 चम्मच, ■ सरसों दाने: 1/2 चम्मच ■ मेथी दाना: 1 चम्मच ■ हींग: 1/4 चम्मच ■ साबुत लाल मिर्च: 2 ■ करी पत्ता: 2 ■ बेसन: 2 चम्मच ■ दही: 1 कप ■ हल्दी: 1/4 चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच ■ पानी: 2 कप ■ लौंग: 5 कूटी हुई ■ हरी मिर्च : 2 बारीक कटी ■ नमक: स्वाद के अनुसार

**विधि**

कढ़ी पकौड़ा बनाने के लिए बाउल में बेसन, बेकिंग सोडा, हरी मिर्च, बारीक कटी प्याज और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें। पानी डालकर गाढ़ा घोल बना लेंगे। कड़ाही में तेल गर्म करें और इन पकौड़ों को सुनहरा होने तक तल लें। अब एक बाउल में दही और बेसन डालें और पानी के साथ इसका मिक्सचर तैयार कर लें। अच्छे से फेंटे जिससे गुठलियां न रहें। अब एक पैन में तेल गर्म करें इसमें जीरा और साबुत लाल मिर्च डालें। इच्छानुसार इसमें करी पत्ता डालें। अब इसमें दही वाला घोल डालें और लगातार चलाते रहें वरना इसका टेक्सचर सही नहीं आता। कुछ ही दे बाद ये गाढ़ी हो जाएगी। एक बार फिर से इसमें तड़का लगाएंगे। इसके लिए पैन में घी गर्म कर उसमें लाल मिर्च डालेंगे और तुरंत गैस बंद कर दें। इसे कढ़ी में डाल दें, जिससे उसका रंग और अच्छा आ जाएगा। अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसमें पकौड़े डालें और धीमी आंच पर और 5-7 मिनट पकाएं। तैयार है आपकी कढ़ी, जिसे आप स्टीम्ड के साथ सर्व कर सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9


**मीन** (दी दू थ झ ज दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 1799




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 1798 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया- 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा- तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।


□ □ □

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1799



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1798



## सूडोकु -1799


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1798 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 1799




**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

शब्द पहेली - 1798 का हल



# बड़ौदा बादशाह की जीत में आर्य पी. चमके, राहुल पणिक्कर के दम पर रोहतक राउडीज जीते

**नई दिल्ली।** प्रो पंजा लीग के पहले सीजन में रोमांचक आर्म रेसलिंग एक्शन भी जारी रहा। इस दिन बड़ौदा बादशाह्स और रोहतक राउडीज टीमों ने शानदार प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की।

दिन के पहले मैच में निरंजन सिंह और सुजीत कुमार ने अंडरकार्ड में बड़ौदा बादशाह को मुंबई मसल पर 2-1 की बढ़त दिलाई। मेन कार्ड में, मुंबई के युवराज वर्मा ने बड़ौदा बादशाह के खिलाफ 100 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले में जीत के साथ अपनी टीम के लिए गेम सेट किया। पहले राउंड में, युवराज ने चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और कुछ ही सेकंड में सुनील एंथोनी को चित कर दिया। उन्होंने यह मुकाबला क्लीन स्वीप से जीतकर 10-0 से जीत हासिल की। इसके बाद, बड़ौदा के सचिन गोयल ने 80 किग्रा भार वर्ग मुकाबले में मुंबई के सोनू चौरसिया को क्लीन स्वीप करके 10-0 से जीत हासिल की।

फाइनल मुकाबले में, आर्य पी ने 55 किग्रा भार वर्ग के मैच में अर्धरा सुरेश को सीधे राउंड में हराकर बड़ौदा को क्लीन स्वीप के साथ 5-0 से जीत दिला दी। बड़ौदा बादशाह ने यह मैच 17-11 से जीत लिया।

दिन के दूसरे मैच में, रुद्र नाइक और प्रिंस धीर ने अपने अंडरकार्ड मुकाबले जीतकर



कोच्चि केडीज को रोहतक राउडीज पर 2-1 की बढ़त दिला दी। मेन कार्ड में 70 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले में कोच्चि केडीज के आकाश कुमार का मुकाबला रोहतक राउडीज के राहुल पणिक्कर से हुआ। अपनी शानदार शक्ति का उपयोग करते हुए, राहुल ने क्लीन स्वीप में मुकाबला जीत लिया और अपनी टीम के लिए 10 अंक हासिल किए। अगला मैच 70 किग्रा वर्ग का था, जिसमें रोहतक के मोहित कुमार का मुकाबला कोच्चि के सूरज सल्होत्रा से था। स्मार्ट रिस्ट मूवमेंट के साथ, मोहित ने क्लीन स्वीप के साथ मुकाबला जीत लिया और अपनी टीम को 5-0 से जीत दिलाने में मदद की। फाइनल मुकाबले में, 60 किग्रा वर्ग में रोहतक के निखिल सिंह का मुकाबला कोच्चि के शौकत वीटी से हुआ। पहले राउंड में शौकत ने अपने फोरहैंड पावर से निखिल को चौंका दिया। निखिल की कुछ गलतियों ने शौकत को दूसरा राउंड जीतने में मदद की। इसके बाद शौकत ने चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और फिर निखिल को केवल 2 सेकंड में पिन करके क्लीन स्वीप के साथ मुकाबला जीत लिया। उन्होंने 10-0 से जीत हासिल की। इस तरह रोहतक राउडीज ने यह मैच 16-12 से जीत लिया।

बतादें कि छह अगस्त, रविवार को दिन के पहले मुकाबले में रोहतक राउडीज का सामना बड़ौदा बादशाह से होगा, जबकि दूसरे मुकाबले में लुधियाना लायंस का मुकाबला मुंबई मसल से होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन में उप विजेता रहे एचएस प्रणय

**सिडनी ।** भारत के एचएस प्रणय को रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। केरल के रहने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में वह पांच अंक की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग से 9-21, 23-21, 20-22 से हार गए।



कोरिया ओपन (2022) और चीन ओपन (2019) का खिताब जीतने वाले यांग ने इस जीत के साथ ही मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में इस भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले केवल एक मुकाबला हुआ था। प्रणय ने उस मैच में तीन गेम में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता था। प्रणय ने इस सत्र में आठ में से छह मैचों में शुरुआती गेम में शिकस्त का सामना करने के बाद जीत दर्ज की है। उन्होंने इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज एंथोनी गिंटिंग के खिलाफ भी पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की थी। पहले गेम को आसानी से गंवाने वाले विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज प्रणय के पास निर्णायक गेम में पांच अंक (19-14) की बढ़त थी लेकिन वेंग ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

## Ajinkya Rahane ने ठुकराया काऊंटी क्रिकेट खेलने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने हाल ही में एक साहसिक निर्णय लिया है जिसने क्रिकेट जगत में कई लोगों की भौंहें चढ़ा दी हैं। उन्होंने इंग्लैंड में लीसेस्टरशायर के साथ काउंटी कार्यकाल से अपना नाम वापस ले लिया है। रहाणे का कहना है कि वह अपनी फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलेंगे। वह लीसेस्टरशायर की बजाय मुंबई के लिए घरेलू सीजन खेलना पसंद करेंगे। रहाणे ने कहा कि पिछले 4 महीने संतुष्टिदायक रहे हैं। हमने उच्च तीव्रता वाला क्रिकेट खेला है। अब हमारे आगे आने वाले घरेलू सीज़न के लिए अपने शरीर को स्वस्थ और तरोताजा करने का समय आ गया है। हर संभव मंच पर मुंबई का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे लिए सम्मान की बात रही है और मैं अगले 2 महीनों में अपनी फिटनेस पर लगन से काम करूंगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अक्टूबर में शुरू होने वाले आगामी घरेलू सीज़न के लिए मैं अपने चरम पर हूं।



रहाणे ने कहा कि मैंने भारतीय घरेलू सीजन की तैयारी के लिए लीसेस्टरशायर के साथ नियोजित काउंटी कार्यकाल से बाहर निकलने का विकल्प चुना है। अजिंक्य रहाणे ने लीसेस्टरशायर से रिश्ते पर कहा कि लीसेस्टरशायर मेरे साथ नियमित संपर्क में है और बदलती स्थिति को अच्छी तरह से समझता है और मुझे भविष्य में उनके साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने की उम्मीद है।

## डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट : मारिया सक्कारी और कोको गॉफ में होगा खिताबी मुकाबला

**वाशिंगटन ।** मारिया सक्कारी ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गॉफ से होगा। यूनान की 28 वर्षीय खिलाड़ी सक्कारी ने पेगुला को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया। वह पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में भी 4-1 से आगे चल रही थी लेकिन पेगुला ने वापसी करके मुकाबले को तीसरे सेट तक खींच दिया। एक अन्य सेमीफाइनल में गॉफ ने गत चैंपियन ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-3 से हराया। सक्कारी अब तक हार्ड कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में पांच बार फाइनल में पहुंची है लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रही है।



## चार राष्ट्रों के पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे प्रमोद भगत, सुकांत कदम

**नई दिल्ली।** शीर्ष शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने 4 देशों के पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रमोद भगत ने सभी श्रेणियों में जबकि सुकांत कदम ने दो श्रेणियों में सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

पद्मश्री विजेता भगत ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन नेहल गुप्ता को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। 44 मिनट तक चले इस मुकाबले में प्रमोद ने नेहल को 21-18, 21-18 से शिकस्त दी। अब सेमीफाइनल में प्रमोद का मुकाबला हमवतन कुमार नितेश से होगा।

विश्व पुरुष युगल में प्रमोद और सुकांत की नंबर 1 जोड़ी ने अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है, अब उनका मुकाबला भारत के कुमार नितेश और तरूण से होगा। मिश्रित युगल में, प्रमोद और



मनीषा रामदास ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर और फॉस्टीन नोएल को सीधे सेटों में 21-17, 21-14 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला भारत की मानसी जोशी और रूथिक रघुपति से होगा। दूसरी ओर, सुकांत कदम ने कड़े मुकाबले में भारत के तरूण को हराया। मैच तीन गेम तक चला और दोनों खिलाड़ियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन सुकांत ने उस समय धैर्य बनाए रखा जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था।

सुकांत ने यह मैच 23-21, 14-21, 21-14 से जीता। सेमीफाइनल में सुकांत का सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से होगा।

## पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बैट कंपनी के खिलाफ ठोका मुकदमा

**सिडनी ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों मोहम्मद आमिर और कामरान अकमल ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट लीग (एसीएल) में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रामक आचरण के लिए क्रिकेट बैट कंपनी तजविन स्पोर्ट्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने 2022 में इस आयोजन में हिस्सा लेने का फैसला किया जिसका उद्देश्य मेलबर्न के उपनगरीय इलाके में क्रिकेट के परिदृश्य को बदलना है। एसीएल को प्रायोजकों की एक श्रृंखला का समर्थन प्राप्त है जिसमें ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण एशियाई समुदाय के व्यवसाय एक क्रिकेट गियर निर्माता टैजविन स्पोर्ट्स शामिल हैं। हालांकि रिपोर्टों के अनुसार गियर निर्माण कंपनी को अपनी वेबसाइट पर प्रचार सामग्री के हिस्से के रूप में अनधिकृत तस्वीरों का उपयोग करने के लिए आमिर और कामरान द्वारा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने तस्वीरों में और बदलाव किया और कथित तौर पर पाकिस्तान टीम की शर्ट से एक अन्य प्रतियोगिता के प्रायोजक का नाम हटा दिया। पाकिस्तान के दो क्रिकेटरों ने जारी बयान में कहा, टूर्नामेंट के दौरान गियर निर्माता द्वारा एक निश्चित संख्या में बल्ले वितरित किए गए थे लेकिन उनकी फीस का भुगतान नहीं किया गया था। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 0एसीएल टूर्नामेंट के दौरान तजविन स्पोर्ट्स द्वारा तीन या चार क्रिकेट बैट वितरित किए गए थे हालांकि, 3000 डॉलर की फीस का भुगतान नहीं किया गया था।' अदालत के दाखिल याचिका में कहा गया, 'तस्वीरों के उपयोग से पता चलता है कि वादी ताजविन स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर हैं या अन्यथा ताज़विन स्पोर्ट्स के उत्पादों का समर्थन या अनुमोदन करते हैं।

## चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजीलियाई मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीज़न से पहले अपने तीसरे विदेशी हस्ताक्षर के रूप में ब्राजीलियाई मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो के साथ करार किया है। क्लब ने शनिवार को ट्वीट कर उक्त जानकारी दी।

34 वर्षीय खिलाड़ी 2022-23 सीज़न का कुछ समय जमशेदपुर एफसी में बिताने के बाद चेन्नई में शामिल हो गए, जहां उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 13 मैचों में दो गोल किये और चार में सहायता की। चेन्नईयिन ने इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन मरे और स्कॉटलैंड के कॉनर शील्ड्स से के साथ पहले दो अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों के रूप में करार किया था। 2020-21 में दो बार के आईएसएल चैंपियन की कप्तानी करने वाले क्रिवेलारो भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के बीच एक लोकप्रिय नाम है। उन्होंने 2019-20 में सात गोल और आठ सहायता के साथ चेन्नईयिन को उपविजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशंसक ब्राजीलियाई स्टार से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होंगे जब वह नवनियुक्त मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ेंगे।



क्रिवेलारो ने करार पर कहा ÷मुझे एक बार फिर से नीली जर्सी पहनने पर बहुत गर्व है और मैं ओवेन कोयल के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। मैं अपने सामने आने वाली चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ हूं और मैं योग्य प्रशंसकों के लिए सब कुछ दूंगा। क्रिवेलारो ने अपने चार सीज़न लंबे आईएसएल करियर में अब तक 37 मैचों में आठ गोल किये हैं और 11 में सहायता दर्ज की है। क्रिवेलारो 2019-20 सीज़न में सीएफसी के लिए आने से पहले ब्राजील, यूरोप और खाड़ी के विभिन्न क्लबों के लिए खेल चुके हैं। वह 2013 में पुर्तगाली पक्ष विटोरिया गुइमारेस एससी के लिए दुनिया की सबसे बड़ी क्लब प्रतियोगिताओं में से एक, यूरोपा लीग में भी दिखाई दिए हैं।

## एचएस प्रणय ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिटंन टूर्नामेंट के फाइनल में

**सिडनी।** भारतीय स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन युवा प्रियांशु राजावत को शिकस्त दी।




प्रणय ने राजावत को 21-18, 21-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को पुरुष एकल फाइनल में प्रणय का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा। ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन राजावत ने हमवतन किदांबी श्रीकांत को एकतरफा पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 21-13, 21-8 से हराकर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार प्रवेश किया था। वहीं, दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।उन्होंने शुरुआती गेम में उलटफेर के बाद वापसी करते हुए 73 मिनट तक चले मुकाबले में 16-21, 21-17, 21-14 से कड़ी जीत दर्ज की।

## सिटियस मीटिंग: जेसविन एल्ड्रिन ने लंबी कूद स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारतीय लांग जम्पर जेसविन एल्ड्रिन ने स्विट्जरलैंड के बर्न में सिटियस मीटिंग में 8.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। एल्ड्रिन ने 8.42 मीटर के साथ लंबी कूद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, जो इस साल मार्च में बेल्लारी के विद्यानगर टाउनशिप के पास इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में बनाया गया था। उन्होंने इस साल फरवरी में कजाकिस्तान में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 7.97 मीटर के साथ रजत पदक जीता था।

21 वर्षीय जेसविन एल्ड्रिन ने अपने पहले प्रयास में ही 8.22 मीटर की छलांग लगाई, जो नया मीट रिकॉर्ड है। तमिलनाडु के एथलीट ने दूसरी और चौथी छलांग के साथ क्रमशः 8.17 मीटर और 8.14 मीटर की छलांग लगाई। भारतीय एथलीट ने अपने तीसरे प्रयास के दौरान फाउल किया और अपनी अंतिम दो छलांगें गँवा दीं।

क्यूबा के एलेजांद्रो पारादा 8.08 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि



2022 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर 8.03 मीटर की छलांग के साथ तीसरे स्थान पर रहे यह पहली बार था जब जेसविन एल्ड्रिन ने मई के बाद से चार स्पर्धाओं में 8 मीटर का आंकड़ा पार किया। उन्होंने मार्च में बेल्लारी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।एल्ड्रिन जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के बाद अपने पहले आयोजन में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। एल्ड्रिन चोट के कारण जुलाई में लॉज़ेन डायमंड लीग और बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए थे।

## एशिया कप और विश्व कप के बारे में अभी नहीं सोच रहा: युजवेंद्र चहल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा है कि वह इस समय एशिया कप और विश्व कप के लिए टीम में अपनी जगह को लेकर नहीं सोच रहे हैं। उनका ध्यान इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही टी-20 सीरीज पर है।

भारतीय टीम इस समय वेस्टइंडीज के दौरे पर है, जहां टीम 2 टेस्ट मैचों की सीरीज और तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेल रही है। टी-20 सीरीज का पहला मैच भारतीय टीम हार गई थी। ऐसे में भारतीय टीम दूसरे टी-20 में जीत के साथ वापसी करना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी 20 मैच आज (रविवार) खेला जाएगा।

दूसरे टी-20 मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में चहल ने कहा कि मेरा ध्यान केवल इस बात पर है कि मैं यहां हूं। अभी चार मैच बचे हैं और मुझे इनमें अच्छा प्रदर्शन करना है। मैं उन चीजों के बारे में नहीं सोचता, जो मेरे हाथ में नहीं हैं। मैं कदम दर कदम सोचता हूं। मैं एशिया कप या विश्व कप के बारे में नहीं सोच रहा हूं, मैं केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के बारे में सोच रहा हूं।



एशिया कप और विश्व कप के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में एक स्पिन ऑलराउंडर के रूप में रविन्द्र जडेजा लगभग तय माने जा रहे हैं। उनके बैकअप के रूप में अक्षर पटेल पहली पसंद होने वाले हैं। वहीं कलाई के स्पिनरों में कुलदीप यादव चहल से आगे बने हुए हैं।

इस पर चहल ने कहा कि टीम संयोजन हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है। यदि आप देखें, तो नंबर 7 पर या तो जडेजा (रविन्द्र जडेजा) या अक्षर (अक्षर पटेल) खेलते हैं, इसलिए विकेट के आधार पर हम तीन स्पिनरों को खिलाते हैं। अभी कुलदीप अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, उनकी लय अच्छी है, इसलिए उन्हें मौका मिल रहा है। मैं बस नेट्स पर अभ्यास करता रहता हूं, ताकि जब भी मौका मिले मैं उसका फायदा उठा सकूं। युजवेंद्र चहल लगातार टीम का हिस्सा बने हुए हैं, लेकिन टीम संयोजन के चलते उन्हें कई मैचों में मौका नहीं मिल पाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, भारत के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि हमारी असाधारण कंपाउंड महिला टीम ने बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। हमारे चैंपियंस को बधाई! उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम आया है। बता दें कि ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शुक्रवार को जर्मनी के बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में मैक्सिकन टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफिया हर्नांडेज़ जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण था।



## महिला विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका को हराकर नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**सिडनी ।** नीदरलैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिल रूर्ड और लिनेथ बीरेनस्टीन ने सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में प्रत्येक हाफ में



गोल करके 2019 के उपविजेता को अंतिम आठ में जगह दिलाई। टूर्नामेंट में उलटफेर भरी जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। नीदरलैंड की गोलकीपर डाफ्ने वान डोमसेलर की तारीफ करनी होगी जिन्होंने थेम्बी कगाटलाना के कई हमलों को नाकाम किया। नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल में स्पेन से भिड़ेगा लेकिन उसकी स्टार खिलाड़ी वान डी डोन्क दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएगी।

फास्ट न्यूज

## गिरिडीह बस हादसे में पांच की मौत

**गिरिडीह:** रांची से गिरिडीह आ रही यात्रियों से भरी बाबा सम्राट बस बराकर नदी में गिरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शनिवार रात को हुई घटना के बाद रातभर रेस्क्यू चलता रहा। गिरिडीह डीसी ने रविवार को पांच लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही बताया कि एसडीएम और डीएसपी जांच रिपोर्ट 15 दिनों में सौपेंगे। बताया गया कि घटना में गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बक्सीडीह रोड के रहने वाले संतोष अग्रवाल व मोहलीचुंवा के रहने वाले मानिकचन्द साव, राजेन्द्र नगर के रहने वाले सौरभ सिन्हा व हजारीबाग के रहने वाले अनिल कुमार एवं बस के खलासी की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 अन्य यात्री घायल हो गए है। घायलों में बस चालक टिंकू मंडल भी है। कईयों की हालत गंभीर बनी हुई हुई है। कई घायलों बाहर रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सम्राट बस (जेएच 07एच 2906) यात्रियों को लेकर तेज रफ्तार से गिरिडीह आ रही थी। बराकर पुल के पास एक बाइक सामने आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बस रेलिंग तोड़ कर नदी में जा गिरी। नदी के पास होटल में खाना खा रहे कांवरिये व आसपास के ग्रामीण तुरन्त राहत कार्य में जुट गए।घटना की सूचना मिलते ही डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य को गति प्रदान की। कई जेसीबी लगाकर देर रात बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और समाज सेवी संस्थाओं के लोग भी पहुंच कर राहत कार्य में सहयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों को सांत्वना देने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया।

## बीकानेर की दो फैक्ट्रियों में लगी आग

**बीकानेर:** बीकानेर के खारा औद्योगिक क्षेत्र की दो फैक्ट्रियों में रविवार को आग लग गई। आग से एक गत्ता फैक्ट्री जलकर पूरी तरह राख हो गई। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जामसर थानाधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि सुबह आर एन बी ग्लोब यूनिवर्सिटी के सामने स्थित गत्ता फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गत्ता फैक्ट्री से भभकी आग ने पास स्थित दाल मिल को भी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने में तीन घंटे लगे। दस दमकल पानी के प्रयोग से आग पर काबू पाया जा सका। गत्ता फैक्ट्री पूरी तरह खाक हो गई। वहीं दाल मिल को कुछ नुकसान हुआ है। दाल मिल वासुनाथ की बताई जा रही है। खारा इंडस्ट्री एरिया में सुबह आग लगने का पता चलने ही आसपास के लोगों ने पुलिस को फोन किया। यहां से बड़ी मात्रा में धुआं दिखाई दिया था। देखते ही देखते धुआं बढ़ता गया और पूरे खारा इंडस्ट्रियल एरिया में ये धुआं आसमान की ओर बढ़ता दिखाई दिया।

# यूपी: श्रमिकों की होगी टीबी स्क्रीनिंग एवं जांच

## गरीब श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग योगी सरकार ने दिया उपहार



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने रविवार को प्रदेश में किसी भी शख़्स में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल इलाज शुरू कर संक्रमण को रोकने के आदेश दिये हैं। इसके लिये योगी सरकार ने प्रदेश भर में टीबी की स्क्रीनिंग व जांच में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसको ध्यान में रखते हुए अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के तहत आने वाले एक्सप्रेस-वे की कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्य करने वाले श्रमिकों की टीबी स्क्रीनिंग और जांच करायी जायेगी।

**स्क्रीनिंग के लिये लगाए जाएंगे शिविर:** संयुक्त निदेशक (क्षय), राज्य क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी (पूर्व और पश्चिम) एनएचएआई को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) से इसमें सहयोग की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा, रेस्ट हाउसेस, जलपान स्थलों और पेट्रोल पम्प पर क्षय रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) सामग्री सम्बन्धित जिले के जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) मुहैया कराएंगे। इसके अलावा श्रमिकों की स्क्रीनिंग के लिए शिविर का आयोजन भी डीटीओ द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा डॉ. भटनागर ने टीबी रोगियों को समय पर उपचार प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरीजों के वाहन को सुगम आवागमन प्रदान करने की बात कही है।

**आदेश**

ß किसी भी शख़्स में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल इलाज शुरू कर संक्रमण को रोकने के आदेश दिये

**टीबी मुक्त कार्यस्थलों को दिया जाएगा बढ़ावा:** डॉ. भटनागर के अनुसार टीबी को हराना है तो टीबी मुक्त कार्यस्थलों को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए एनएचएआई मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों और सभी प्राधिकरण कार्यालयों को टीबी मुक्त बनाया जाएगा।

# हरियाणा: डीएलएड की परीक्षाएं तीसरी बार स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**परीक्षाओं** को शांतिप्रिय एवं नकल रहित माहौल में संचालित करवाए जाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने नूंह हिंसा के मद्देनजर एक बार फिर से डीएलएड की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव का कहना है कि हालात सामान्य होने पर परीक्षाओं का नया शैड्यूल जारी कर दिया जाएगा। जिसके लिए छात्र-अध्यापक समय-समय पर बोर्ड अधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉ इन को चेक करते रहे। दरअसल, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड इन दिनों प्रदेशभर में 10वीं, 12वीं एवं डीएलएड की परीक्षाएं करवा रहा है। जिन परीक्षाओं के नकल रहित संचालन में किसी प्रकार की परेशानी ना आए, इसके लिए भी बोर्ड प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए गए है, लेकिन बीते दिनों नूंह जिले में धारा 144 व कर्फ्यू के कारण पहले प्रदेशभर में 1 व 2 अगस्त को संचालित होने वाली 10वीं तथा डीएलएड परीक्षाओं को स्थगित किया गया था। उसके बाद 5 अगस्त तक होने वाली सभी परीक्षाओं को प्रदेश भर में स्थगित किया गया। लेकिन अब हालातों के मद्देनजर 7, 8 व 9 अगस्त को होने वाली डीएलएड परीक्षाओं को एक बार फिर से स्थगित किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 7, 8 व 9 अगस्त को होने वाली डीएलएड परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है।

**फैसला**

ß हालात सामान्य होने पर परीक्षाओं का नया शैड्यूल जारी कर दिया जाएगा: विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन

# लहरों में उफान, बढ़ रहा गंगा का जलस्तर



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**पहाड़ों पर** लगातार हो रही बरसात के चलते गंगा की लहरें फिर उफान मारने लगी है। जलस्तर में बढ़ाव से पहले से ही घाटों का सम्पर्क मार्ग डूबा हुआ है। जलस्तर में बढ़ाव की गति देख तटवर्ती क्षेत्र के साथ सहायक नदी वरूणा के किनारे भी बाढ़ की आशंका गहराने लगी है। रविवार को सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 66.52 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर 10 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। बताया गया कि रविवार तड़के गंगा का जलस्तर 04 सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था। लेकिन सुबह 07 बजे तक रफ्तार की गति 10 सेंटीमीटर प्रतिघंटा हो गई। जलस्तर में बढ़ाव की गति देख घाट किनारे रहने वालों की चिंता बढ़ गई है। गंगा में चेतावनी बिंदू 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा में बढ़ाव को देख मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट और हरिश्चन्द्रघाट पर उंचे स्थानों पर शवदाह हो रहा हैं । शवयात्रियों को अपने परिजनों के पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार करने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सामनेघाट स्थित गंगा के किनारे बने कालोनियों में लोगों की बाढ़ की आशंका से नींद उड़ गई है। गंगा के जलस्तर में बढ़ाव की गति देख नौका संचालन पर रोक लगाई गई है। एनडीआरएफ टीम के साथ पीएसी और जल पुलिस भी सतर्क है। गंगा किनारे अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। गंगा आरती का स्थान भी बदलना पड़ा है।

**काशी में...**

ß तटवर्ती क्षेत्र के लोगों की नींद उड़ी, गंगा आरती का स्थान भी बदला, एनडीआरएफ टीम सतर्क

# राहुल की तरह नेतागीरी नहीं करूंगा: रामशंकर

## कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में करूंगा अपील: भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया




**टीम एक्शन इंडिया/इटावा**
**आगरा** की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद रविवार को इटावा के भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा कि वह राहुल गांधी की तरह नेतागीरी नहीं बल्कि इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। उन्हें भरोसा है कि हाई कोर्ट से न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर का जब तक कोई निर्देश नहीं मिलेगा, तब तक वह सांसद के तौर पर सरकारी कार्यक्रमों में शामिल भी होते रहेंगे। सांसद कठेरिया इटावा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के आभासी रूप से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली से आधारशिला रखी। इनमें 33 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इटावा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास भी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद कठेरिया ने शिरकत की। उनके साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सांसद कठेरिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सूरत कोर्ट के फैसले के बाद राहुल हाई कोर्ट में अपील करने की बजाय नेतागीरी करते रहे।

**न्याय की उम्मीद**

ß इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। उन्हें भरोसा है कि हाई कोर्ट से न्याय मिलेगा

## 'यूपी विधानसभा सत्र में जनहित मुद्दों पर सरकार करे चर्चा'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र में सरकार द्वारा आमजन के हित के मुद्दों पर चर्चा करने की बात कही है। बसपा प्रमुख ने रविवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि यूपी विधानसभा के सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में सरकार आमजनहित के जरूरी मुद्दों जैसे बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी तथा सड़क, बिजली, पानी, शान्ति-व्यवस्था व सुरक्षा आदि की बदहाल स्थिति के बारे में विशेष जिम्मेदारी का परिचय दे।


## सरकार खरीदें गोबर: भानू गुट

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अन्ना पशु पर रोकथाम लगाने के लिए जिले के हर ब्लॉक में ग्राम स्तर पर गौशालाओं का संचालन कर रही है लेकिन ग्राम प्रधान की लापरवाहीके चलते गौशालाओं में गौवंश नजर नहीं आते हैं बल्कि यह आए दिन सड़कों पर घूमते रहते हैं और इस वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार आवारा पशुओं का का गोबर खरीदें तो कुछ हद तक समस्या का हल हो सकता है।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
जनपद की एसओजी, सर्विलांस और कालपी कोतवाली पुलिस ने मंगरोल पुल के पास से 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने रविवार को बताया कि एसओजी, सर्विलांस और कालपी कोतवाली पुलिस ने मंगरोल जाने वाले रास्ते में जो जाधौरा पुल के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया है तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसके बाद बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उरई के पटेलनगर निवासी अशोक के पुत्र ओमपाल के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से एक तमंचा कारतूस, 72 सौ रुपये नगद व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

क्षेत्राधिकारी कालपी देवेंद्र पचौरी ने बताया कि बदमाश पर उरई कोतवाली क्षेत्र में पहले से मुकदमें दर्ज हैं और वह लूट की घटना में वांछित है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



MARUTI nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go




हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होनें से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।

-व्यवस्थापक

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546